NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

लखनऊ से प्रकाशित

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्ष: 13 अंक: 274 लखनऊ, रविवार 19 मई 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## 6 महीने में पीओके होगा भारत का हिस्सा – योगी आदित्यनाथ'

एजेंसी।

पालघर (महाराष्ट्र) लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि तीसरी बार मोदी सरकार बनने के 6 महीने के भीतर पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा होगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के हालात खराब हैं, उससे पीओके संभाले नहीं संभल रहा है और पीओके के लोग भारत में शामिल होना चाहते हैं।योगी आदित्यनाथ शनिवार को यहां नालासोपारा वेस्ट में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी हेमंत सांवरा के लिए जनता से वोट की अपील की। योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि छत्रपति



शिवाजी के हिन्दवी स्वराज को प्रधानमंत्री मोदी साकार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज कोई टेढ़ी नजर से भारत को देखता है तो उसकी नजर निकाल ली जाती है। कहा कि इस चुनाव में जनता कांग्रेस का विसर्जन कर रही है। योगी ने कहा कि अब यूपी में कोई सड़क पर नमाज नहीं पढ़ सकता, मस्जिदों से लाउडस्पीकर भी उतार लिये गये हैं। उन्होंने इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि पाकिस्तान का राग अलापने वाले वहीं जाकर भीख मांगे। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी कहा कि काशी और अयोध्या के बाद अब हम मथुरा की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि रामभक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर।

योगी आदित्यनाथ ने हिन्दवी स्वराज का बोध जागृत करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज और क्रांतिकारी राघव जी भागरे व श्रीकृष्णा जी राव को नमन किया। उनहोंने कहा कि पिछली बार यहां आया था तो कांग्रेस का सूर्यास्त हो गया था। मुख्यमंत्री योगी ने कांग्रेस के साथ साथ उद्धव ठाकरे और शरद पवार पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग कहते थे कि भाजपा वाले 100 जन्म भी ले लेंगे फिर भी राम मंदिर नहीं बनवा पाएंगे। हम तब भी कहते थे कि रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे। हमने जो कहा वो कर के दिखा दिया। कहा कि अब इंडी गठबंधन वाले कहते हैं कि अगर कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनी तो फिर राम मंदिर का क्या करना है ये हम तय करेंगे। योगी ने कहा कि रामलला उन्हें इस लायक छोड़ेंगे ही नहीं कि वो कभी दिल्ली पहुंच सकें। ये लोग देश को डराते थे कि राममंदिर का फैसला आएगा तो देश में दंगे हो जाएंगे। आज राममंदिर में श्रीरामलला विराजमान भी हो चुके हैं मगर एक तिनका भी नहीं हिला, दंगा तो बहुत दूर की बात है। उन्होंने बताया कि यूपी में पिछले 7 साल में कोई दंगा नहीं हुआ। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले यूपी में बड़े बड़े माफिया सत्ता का संचालन करते थे, जो बेटी और व्यापारी के लिए खतरा थे। हमने बुलडोजर चला के एक झटके में सब खत्म कर दिया। अब यूपी में सड़क पर कोई नमाज नहीं पढ़ता। अब वहां मस्जिदों से माइक भी उतर गये हैं। लोग कुछ समय में लोग उस चिल्लाहट को भूल भी जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज भारत का पूरी दुनिया में सम्मान बढ़ा है, सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद और नक्सलवाद पर लगाम लगा है। कांग्रेस के समय में आतंकवादी बम फोड़ते थे। तब कांग्रेसी कहते थे कि आतंकवादी सीमापार से हैं। योगी ने सवाल पूछा कि अगर आतंकी सीमापार थे तो हमारी मिसाइलें किस दिन के लिए थीं। कहा कि मोदी जी ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों को मारा है। ब्रिटिश अखबार भी बताता है कि पाकिस्तान में जितने बड़े आतंकी थे वो एक एक करके मारे गये हैं। कोई हमारे लोगों को मारेगा तो हम उसे पूजेंगे नहीं, हम वही करेंगे जिसके वो हकदार हैं। योगी ने कहा कि ये नया भारत है, जो बिना रुके, बिना हटे, बिना डरे, बिना डिगे मोदी के नेतृत्व में विकास की यात्रा पर बढ़ चला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के समय में गरीब भूख से मरता था। मोदी जी 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दे रहे हैं। जितनी पाकिस्तान की आबादी है उससे अधिक लोगों को भारत ने गरीबी रेखा से ऊपर उठाकर खुशहाल जीवन दिया है। पाकिस्तान हिन्दुस्तान में रहता तो भूखों नहीं मरता। आज वहां एक किलो आटा के लिए गली मोहल्लों के जानवरों जैसी छीना झपटी हो रही है। जो पाकिस्तान का राग अलापते हैं उनसे कहना चाहिए कि जाकर पाकिस्तान में भीख मांगों, क्यों हिन्दुस्तान पर बोझा बने हुए हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम आज जगमगा रहा है। महाराष्ट्र और यूपी का साथ चोली दामन का है। काशी के गागा भट्ट ने छत्रपति शिवाजी का अभिषेक करके उन्हें छत्रपति की उपाधि से सम्मानित किया था। काशी में महाराष्ट्र के राजाओं द्वारा बनाए गये अलग अलग घाट हैं।

## अब तक कुल 1,65,69,756 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी

संवाददाता।

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकानवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,65,69,756 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 1,02,15,883 तथा निजी स्थानों से 63,53,873 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 11,57,525, पोस्टर के 46,29,644, बैनर के 28,34,597 एवं अन्य 15,94,117 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 9,00,189, पोस्टर के 29,46,515 बैनर के 16,02,564 एवं अन्य 9,04,605 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1280 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 141 एफआईआर दर्ज, 07 एनसीआर सहित कुल 148 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

## डिम्पल यादव ने इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी श्रेया वर्मा के पक्ष में रोड–शो किया

लखनऊ(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी की मैनपुरी से सांसद डिम्पल यादव ने आज गोण्डा लोकसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी श्रेया वर्मा के पक्ष में रोड–शो किया। रोड–शो गोण्डा लोकसभा के अम्बेडकर चौराहा से प्रारम्भ होकर जिलाधिकारी आवास एलवीएस चौराहा होते हुए गुरूनानक



चौक, गुड्डू मल चौराहा मनकापुर बस अड्डा होते हुए बड़ा गांव से अम्बेडकर चौराहा पर समाप्त हुआ। रोड–शो में भारी भीड़ उमड़ी। रोड–शो में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, नेता और जनता ने डिम्पल यादव का अभिवादन किया। जगह–जगह कार्यकर्ताओं, व्यापारियों, महिलाओं, नौजवानों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। समाजवादी पार्टी के समर्थकों, व्यापारियों ने रोड–शो के दौरान श्रीमती डिम्पल यादव, समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी श्रेया वर्मा पर फूल बरसाये। रोड–शो के दौरान पूरा गोण्डा शहर समाजवादी पार्टी के लाल, हरे झंडो से पटा रहा। लाल टोपी में हजारों समाजवादी कार्यकर्ता जोश और उत्साह के साथ नारेबाजी करते रहे। डिम्पल यादव ने श्रेया वर्मा को भारी मतों से जिताने की अपील की। रोड–शो के दौरान डिम्पल यादव के साथ लोकसभा प्रत्याशी सुश्री श्रेया वर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा, गोण्डा विधानसभा से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी सूरज सिंह समेत अन्य प्रमुख नेता मौजूद रहे।डिम्पल यादव के साथ लोकसभा प्रत्याशी सुश्री श्रेया वर्मा और उनके पिताजी पूर्व मंत्री श्री राकेश वर्मा को देख गोण्डा की जनता भावुक हो गयी। सभी स्व0 बेनी प्रसाद वर्मा को याद कर भावुक हो गये। श्रेया वर्मा उनकी पौत्री है। डिम्पल यादव ने कल मोहनलालगंज से लोकसभा प्रत्याशी श्री आर.के. चौधरी के समर्थन में जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा के सभी वादे झूठे हैं। वह पूंजीपतियों का संरक्षण करती है। भाजपा राज में महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से लोग त्राहि–त्राहि कर रहे हैं। भाजपा ने सभी वर्ग और समाज को परेशान किया है।डिम्पल यादव ने कहा कि केन्द्र में इंडिया गठबंधन सरकार बनने पर महिलाओं को एक लाख रूपये सालाना देंगे। किसानों की फसलों के एमएसपी का कानूनी अधिकार देंगे। चार साल वाली अग्निवीर योजना खत्म करके पहले जैसी सेना की नौकरी देंगे। डिम्पल यादव ने कहा कि केन्द्र के बाद यूपी में भी सरकार बन सकती है।



# इंडिया गठबंधन को मिल रहे जनसमर्थन से भाजपा घबरा गई है – अखिलेश यादव



लखनऊ(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्र अखिलेश यादव ने आज लोकसभा श्रावस्ती में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रामशिरोमणि वर्मा, लोकसभा फैजाबाद में अवधेश प्रसाद, लोकसभा सुल्तानपुर में प्रत्याशी राम भुआल निषाद और लोकसभा अम्बेडकरनगर में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी श्री लालजी वर्मा के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए रिकार्ड वोटों से उन्हें जिताने की अपील की।

विशाल जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन को मिल रहे जनसमर्थन से भाजपा घबरा गई है। चार चरणों के चुनाव में भाजपा चारों खाने चित हो गयी है। भाजपा की गलत नीतियों के कारण महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। जनता बीजेपी सरकार से परेशान है। जनता भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए मतदान कर रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा संविधान बदलना चाहती है। बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के अनुयायी और देश को विकास के रास्ते पर ले जाने वाले लोग भाजपा की सरकार हटाने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताये। भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। बाबा साहब के संविधान से सभी को अधिकार मिले हुए हैं। संविधान से न्याय, सम्मान और आरक्षण मिला है। संविधान हम सबके लिए संजीवनी है। संविधान बचेगा तभी लोकतंत्र बचेगा। लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण बचाने के लिए भाजपा को हटाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में 140 करोड़ देशवासी भाजपा को 140 सीटों के लिए तरसा देंगे। जैसे–जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा है भाजपा के खिलाफ जनता का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। सातवें चरण में जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर होगा। भाजपा ने सबको धोखा दिया। किसी को नहीं छोड़ा। भाजपा सरकार ने देश के सीधे, सच्चे, ईमानदार किसानों का भरोसा तोड़ा है। किसानों की आय दोगुना करने का वादा किया था लेकिन दस साल में आय दोगुनी नहीं हुई। यह सरकार महंगाई बढ़ाती चली गयी। महंगाई आसमान पर पहुंच गयी। खाद, डीजल, कीटनाशक हर चीज महंगी हो गयी। खेती की लागत बढ़ गयी। खाद की बोरी से भी 10 किलो खाद चोरी कर ली। पैदावार बढ़ाने का झांसा देकर नैनो यूरिया खरीदवा दी। जैसे बड़े–बड़े उद्योगपति देश का पैसा लेकर भाग गये उसी तरह नैनो यूरिया वाला भी विदेश चला गया।कहा कि भाजपा की गलत नीतियों से देश का बहुत नुकसान हुआ है। भाजपा सरकार ने किसानों के साथ नौजवानों को भी धोखा दिया। नौजवानों को नौकरी रोजगार नहीं दिया। भर्ती परीक्षाओं के पेपर जानबूझकर लीक करा दिये। लाखों नौजवानों का भविष्य खराब हो गया। सरकार युवाओं को सरकारी नौकरी नहीं देना चाहती है। भाजपा सरकार गरीबों को बुलडोजर से डराती है लेकिन पेपर लीक करने वालों पर बुलडोजर नहीं चला। इस सरकार ने फौज की नौकरी को अग्निवीर बना दिया। फौज की नौकरी आधी अधूरी कर दी। अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार किसानों के कर्ज माफ करेगी। किसानों को फसलों की एमएसपी का कानूनी अधिकार देगी। किसानों को सम्मान और सुविधाएं मिलेगी। नौजवानों को सरकारी विभागों के खाली 30 लाख पदों पर नौकरी दी जाएगी। अग्निवीर योजना खत्म कर युवाओं को सेना की पक्की नौकरी दी जायेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार से सावधान रहना है। इस सरकार ने हवाई अड्डे बेच दिए। बंदरगाह बेच दिए। रेलवे स्टेशन बेच दिए। इलाहाबाद बैंक खत्म कर दिया। सरकारी नौकरी आउटसोर्स कर दिया। अपने चहेतों को लेटरल एंट्री से सीधे आईएएस बना दिया। अचानक नोटबंदी कर दी। अग्निवीर योजना लागू कर दी। भाजपा सरकार के फैसलो ने देश की अर्थव्यवस्था डुबो दी। महंगाई बढ़ा दी।कहा कि भाजपा किसी की नहीं है।

यह संविधान के पीछे पड़े हैं। जनता की जान के भी पीछे पड़े हैं। वैक्सीन की कम्पनी से चंदा वसूल कर सबको वैक्सीन लगवा दी। वैक्सीन को लेकर गंभीर रिपोर्ट आयी है।

लोगों में बीमारियां बढ़ गयी है। अब वैक्सीन कम्पनी अपनी वैक्सीन मार्केट से वापस ले रही है।

# रैपिडो और जिला चुनाव कार्यालय लखनऊ के संयुक्त प्रयास मतदाताओं को प्रदान करेंगे परिवहन सेवाएं

## आम चुनाव 2024 के दौरान मतदाताओं के लिए लाए मुफ्त बाईक टैक्सी राईड्स और जागरुकता रैली का किया आयोजन

## व 20 मई को रैपिडो की 'सवारी जिम्मेदारी की' लखनऊ में उपलब्ध होगी।

लखनऊ(आरएनएस)। देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के साथ भारत के प्रमुख कम्यूट ऐप रैपिडो ने राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए 'सवारी जिम्मेदारी की' पहल का लॉन्च किया है। लखनऊ के जिला चुनाव कार्यालय के सहयोग से रैपिडो 20 मई 2024 को लखनऊ के मतदाताओं के लिए मुफ्त बाईक टैक्सी राईड उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा रैपिडो ने शहर के निवासियों को मतदान के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए शहर प्रशासन के साथ साझेदारी की और एक रैली का आयोजन किया है।200 बाईक टैक्सी कैप्टन्स के साथ इस रैली को रेजीडेंसी लखनऊ से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर श्री हनुमान प्रसाद मौर्य – एडीएम लखनऊ मौजूद रहे और नागरिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया।चुनाव के दिन मतदाता रैपिडो ऐप पर कोड 'वोट नाउ' का उपयोग कर मुफ्त राईड पा सकते हैं और अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग कर सकते हैं। नागरिकों के मतदान के अधिकार को बढ़ावा देना तथा चुनाव प्रक्रिया को अधिक समावेशी बनाना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। ये प्रयास रैपिडो के राष्ट्रव्यापी अभियान के अनुरूप हैं, जिसके तहत 100 से अधिक शहरों में चुनाव के दिन मुफ्त राईड उपलब्ध कराने के लिए 10 लाख से अधिक कैप्टन्स को लगाया गया है।लखनऊ के जिला चुनाव कार्यालय के साथ रैपिडो की साझेदारी ऐसा ब्राण्ड बनने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो बेहतर समाज के निर्माण में सकारात्मक योगदान दे सके। रैपिडो के सह–संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने कहा, ''हम इस पहल के द्वारा सुनिश्चित करना चाहते हैं कि लखनऊ में हर मतदाता भारतीय आम चुनाव 2024 के दौरान अपने मतदान के कर्तव्य को सफलतापूर्वक निभाए। ये मुफ्त राईड्स उपलब्ध कराकर हम लोकतंत्र को बढ़ावा दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश में हमारे रैपिडो कैप्टन सिर्फ ड्राइवर से अधिक हैंय वे नागरिक भागीदारी के दूत हैं, जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की चुनावी प्रणाली में में अधिक से अधिक मतदान के सक्षम बनाने में योगदान दे रहे हैं।'लखनऊ के जिला चुनाव कार्यालय के साथ रैपिडो की साझेदारी ऐसा ब्राण्ड बनने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है जो बेहतर समाज के निर्माण के लिए प्रयासरत है। इस तरह की पहलों के माध्यम से रैपिडो देश भर के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयासरत है। यह पहल उत्तर प्रदेश में मतदाताओं को सशक्त बनाने और उन्हें अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करने के लिए सक्षम बनाने की रैपिडो की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# राजनैतिक दलों द्वारा जारी की गयी मतदाता पर्ची लाने वाले मतदाताओं को मतदान करने से रोका न जाये

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारीनवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 में शेष तीन चरणो में भी निर्भीक, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये गये हैं, इसके लिए संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये हैं। साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों व कार्यक्रमों में और गति लाने के निर्देश भी दिये गये हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर वोटर असिस्टेंस बूथ बनाने के साथ वहां पर बीएलओ की उपस्थिति तथा मतदाता सूची की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाय। बीएलओ की अन्यत्र ड्यूटी न लगे, बीएलओ स्वयं ही ड्यूटी पर रहें, उसके स्थान पर उनके पुत्रध्पतिधरिश्तेदार ड्यूटी पर न रहें। वोटर असिस्टेंस बूथ दृष्टव्य स्थान पर बनाया जाय और इसके लिए उचित संकेतक भी लगाया जाये।उन्होंने कहा कि मतदाता सूचना पर्ची का शत–प्रतिशत वितरण कराया जाय। बीएलओ द्वारा मतदाता सूचना पर्ची के वितरण के समय मतदाताओं के नाम व मोबाइल नं० आदि का विवरण भी प्राप्त किया जाये, जिससे कि वितरण की कार्यवाही को वरिष्ठ अधिकारी द्वारा वोटर्स से क्रास–चेक भी किया जा सके। जिन मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची किन्हीं कारणों से प्राप्त नहीं हो सकीं हैं, वह मतदेय स्थल पर उपलब्ध मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पोलिंग पार्टियों तथा सेक्टर मैजिस्ट्रेट को निर्देशित करें, कि मतदान के दिन यदि किन्ही कारणों से मतदाता, मतदाता सूचना पर्ची नही लाया है तो उसे लौटाया न जाये और मतदान से रोका न जाए। राजनैतिक दलों द्वारा जारी की गयी मतदाता पर्ची लाने वाले मतदाताओं को भी लौटाया न जाये, बल्कि उन्हें मतदान करने की सुविधा दी जाये। पोलिंग पार्टियों की जिम्मेदारी होगी कि मतदान के दिन मतदाता द्वारा उपलब्ध कराये गये पहचान संबंधी दस्तावेज और मतदाता सूची में उपलब्ध विवरण से मामूली भिन्नता की स्थिति में उसे मतदान से वंचित न किया जाये। मतदान के दिन निर्वाचन ड्यूटी में लगे सभी कार्मिक एवं सुरक्षा बल मतदाताओं के साथ अच्छा व्यवहार करें। यदि कोई व्यक्ति मतदान हेतु अपने वाहन से परिवार के साथ बूथ पर जा रहा हो, तो उसे निर्धारित स्थान तक जाने दिया जाये, पुलिस द्वारा उसे रोका न जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि शिकायत पर बीएलओ या पोलिंग एजेन्ट को मतदान स्थल से हटाने या न हटाने का निर्णय केवल सेक्टर मजिस्ट्रेटध् जोनल मजिस्ट्रेटध्आरओध्एआरओ का होगा। पुलिस द्वारा किसी भी पोलिंग एजेंट को मतदान स्थल से नहीं हटाया जाएगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेटध्जोनल ध्मजिस्ट्रेटध आरओध्एआरओ के संज्ञान में लाया जाय। मतदान केन्द्र के प्रवेश द्वार पर ही प्रत्येक पोलिंग बूथ की जानकारी, पानी की सुविधा, शौचालय आदि के संबंध में उचित साइनेज होने चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान प्रकिया की धीमी गति को बढ़ाने के लिए यदि वोटर के पास मतदाता पहचान पत्र हो तो मतदाता रजिस्टर में म्च्प्ब् का पूरा नम्बर न लिख कर मात्र म्च् लिखा जाय। डिस्पैच के समय, सेक्टर मजिस्ट्रेट के माध्यम से वीडियो कांफ्रेसिंग में बताये गये बिन्दुओं से पोलिंग पार्टियों को अवगत कराया जाय ताकि वे अपने दायित्वों का समुचित निर्वाहन

# दुद्धी अ0ज0जा0 विधानसभा उप निर्वाचन के लिए कुल 06 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

# सातवें चरण में 01 जून को होगा मतदान

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया संचालित है।लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के सातवें चरण में 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 403–दुद्धी (अ0ज0जा0) विधानसभा उप निर्वाचन–2024 के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ कुल 317 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच में 167 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए और कुल 150 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये। नाम वापसी के दिन 06 प्रत्याशियों ने अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के बाद अब कुल 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। वहीं 403–दुद्धी (अ0ज0जा0) विधानसभा उप निर्वाचन–2024 के लिए कुल 08 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन पत्रों की जांच में 02 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज होने के बाद अब कुल 06 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 63–महराजगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 08 प्रत्याशी है, जिनमें भारतीय जनता पार्टी से पंकज चौधरी, बहुजन समाज पार्टी से मो0 मौसमे आलम, इंडियन नेशनल कॉंग्रेस से वीरेन्द्र चौधरी, अभय समाज पार्टी से बृजेश, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से विनोद कुमार पटेल, निर्दलीय प्रत्याशियों में छेदी मजदूर, रामप्रीत, सुनिल है।64–गोरखपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 13 प्रत्याशी है, जिनमें समाजवादी पार्टी से काजल निषाद, बहुजन समाज पार्टी से जावेद अशरफ उर्फ जावेद सिमनानी, भारतीय जनता पार्टी से रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन, भारतीय जवान किसान पार्टी से आनन्द कुमार यादव उर्फ आनन्द कुमार फौजी, भारतीय युवा जन एकता पार्टी से अंकित शाह, भागीदारी पार्टी (पी) से शिवशंकर प्रजापति, अल–हिन्द पार्टी से श्रीराम प्रसाद, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल से सोनू राय, भारतीय सर्वधर्म पार्टी से संजय सिंह राणा, निर्दलीय प्रत्याशियों में अमिता भारती, नफीस अख्तर, पिन्टू साहनी, सुधान्शु हैं।65–कुशीनगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 09 प्रत्याशी है, जिनमें समाजवादी पार्टी से अजय प्रताप सिंह उर्फ पिन्टू सैथवार, भारतीय जनता पार्टी से विजय कुमार दूबे, बहुजन समाज पार्टी से शुभ नारायण चौहान, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभाष पार्टी) से वेद प्रकाश मिश्र, भारतीय लोक नायक पार्टी से सुनील कुमार शुक्ल, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से स्वामी प्रसाद मौर्य, आजाद अधिकार सेना पार्टी से हरिकेश, निर्दलीय प्रत्याशियों में अमीय उपाध्याय, रामचन्द्र सिंह हैं।66–देवरिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 07 प्रत्याशी है, जिनमें इंडियन नेशनल कॉंग्रेस से अखिलेश प्रताप सिंह, भारतीय जनता पार्टी से शशांक मणि, बहुजन समाज पार्टी से सन्देश, राष्ट्रीय समानता दल से अगमस्वरूप, जनता समता पार्टी से मुक्तिनाथ सिंह, निर्दलीय प्रत्याशियों में रफीक अंसारी, सत्येन्द्र कुमार मल्ल है।67–बांसगांव (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 08 प्रत्याशी है, जिनमें भारतीय जनता पार्टी से कमलेश पासवान, बहुजन समाज पार्टी से रामसमुझ, इंडियन नेशनल कॉंग्रेस से सदल प्रसाद, निर्दलीय प्रत्याशियों में गया प्रसाद, मुरलीधर, राजेन्द्र चौधरी, श्रवण कुमार निराला, हीरालाल है। 70–घोसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 28 प्रत्याशी है, जिनमें बहुजन समाज पार्टी से बालकृष्ण चौहान, समाजवादी पार्टी से राजीव राय, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से डॉ. अरविन्द राजभर, जनता क्रान्ति पार्टी (राष्ट्रवादी) से अवधेष कुमार चौहान, भारतीय सबका दल से इश्वर दयाल सिंह सेठ, अवामी पिछड़ा पार्टी से इस्माइल अन्सारी, आजाद अधिकार सेना से गोपाल सिंह, प्रगतिशील मनाव समाज पार्टी से प्रेम चन्द्र, मांग समाज पार्टी से मदन राजभर, पीस पार्टी से याकूब अंसारी, जन राज्य पार्टी से रामनरेश यादव, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से रामवचन, अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी से रोली गुप्ता, मूलनिवासी समाज पार्टी से लीलावती राजभर, सोशलिस्ट युनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) से विजय, कॉम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से विनोद कुमार राय, राष्ट्रीय जनतांत्रिक भारत विकास पार्टी से विरेन्द्र, समझदार पार्टी से सतीश चंद प्रजापति फौजी, जनलोक विकास पार्टी से संतोष कुमार गुप्ता, निर्दलीय प्रत्याशियों में ज्योतिर्मा पाठक, पवन कुमार चौहान, प्रज्ञेश कुमार, प्रेमचन्द्र नायक, बद्री नाथ, राजीव कुमार सिंह, राजेन्द्र अग्रवाल, राजेन्द्र राम, सौदागर है। 71–सलेमपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 09 प्रत्याशी है, जिनमें बहुजन समाज पार्टी से भीम राजभर, समाजवादी पार्टी से रमाशंकर राजभर, भारतीय जनता पार्टी से रविन्दर कुशवाहा, जनता क्रान्ति पार्टी (राष्ट्रवादी) से जयबहादुर उर्फ जयबहादुर चौहान, अखिल भारतीय सर्वजन हित पार्टी से श्रीनारायण मिश्रा, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से सूर्य प्रकाश गौतम, निर्दलीय प्रत्याशियों में अमरेश ठाकुर, श्रीकृष्ण, सद्दाम हुसैन है।72–बलिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 13 प्रत्याशी है, जिनमें भारतीय जनता पार्टी से नीरज शेखर, बहुजन समाज पार्टी से लल्लन सिंह यादव, समाजवादी पार्टी से सनातन पाण्डेय, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से रवि कान्त सिंह उर्फ रवि पटेल, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से रामनिवास गोंड, आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) सूर्य बली प्रसाद, निर्दलीय प्रत्याशियों में अवधेश वर्मा, अशोक गुप्ता, प्रकाश कुमार, मणिन्द्र, रंजना, शेषनाथ, सुमेश्वर है।75–गाजीपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 10 प्रत्याशी है, जिनमें समाजवादी पार्टी से अफजाल अंसारी, बहुजन समाज पार्टी से उमेश कुमार सिंह, भारतीय जनता पार्टी से पारस नाथ राय, विश्व कल्याण राष्ट्रीय मानव समाज पार्टी से अजय, युग तुलसी पार्टी से आदित्य श्रीवास्तव, भारतीय लोकवाणी पार्टी से धनन्जय कुमार तिवारी, मौलिक अधिकार पार्टी से रामप्रवेश, निर्दलीय प्रत्याशियों में नुसरत अंसारी, सत्यदेव यादव, ज्ञानचन्द्र बिन्द है।76–चन्दौली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 10 प्रत्याशी है, जिनमें समाजवादी पार्टी से बीरेन्द्र सिंह, भारतीय जनता पार्टी से डॉ0 महेन्द्र नाथ पाण्डेय, बहुजन समाज पार्टी से सत्येन्द्र कुमार मौर्य, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से अरविन्द कुमार पटेल, मौलिक अधिकार पार्टी से राजेश विश्वकर्मा, समझदार पार्टी से राम गोविन्द, युग तुलसी पार्टी से शेर सिंह, भागीदारी पार्टी (पी) से शोभनाथ प्रजापति, जय हिन्द नेशनल पार्टी से संजय कुमार सिन्हा, निर्दलीय प्रत्याशी में सन्तोष कुमार है। 77–वाराणसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 07 प्रत्याशी है, जिनमें इंडियन नेशनल कॉंग्रेस से अजय राय, बहुजन समाज पार्टी से अतहर जमाल लारी, भारतीय जनता पार्टी से नरेन्द्र मोदी, युग तुलसी पार्टी से कोलीशेट्टी शिवकुमार, अपना दल (कमेरावादी) से गगन प्रकाश यादव, निर्दलीय प्रत्याशियों में दिनेश कुमार यादव, संजय कुमार तिवारी है।

# अयोध्या के गौरव को पीएम मोदी ने किया पुनर्स्थापित – लल्लू सिंह

## –भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जन संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अयोध्या (आरएनएस)। भाजपा नेता मनोज जायसवाल द्वारा ओमकार धर्मशाला नाका पर भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी एवं सांसद लल्लू सिंह के समर्थन में एक जन संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा प्रत्याशी लल्लू सिंह विशिष्ट अतिथि महापौर गिरीश पति त्रिपाठी तथा अयोध्या विधानसभा के प्रभारी अशोक कसौधन के साथ पार्टी के तमाम पदाधिकारी तमाम समाजसेवी और भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक में हजारों की संख्या में आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए सांसद पद प्रत्याशी लल्लू सिंह ने कहा कि अयोध्या के गौरव को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुनर्स्थापित किया है। देश की बागडोर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में ही सुरक्षित है, इसलिए हम सभी को जात–पात से ऊपर उठकर एक बार फिर मोदी सरकार बनानी है जिसके लिए आप सभी का सहयोग प्रशंसनीय है मतदान के दिन भारी मात्रा में वोट डालकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाना सुनिश्चित करें। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने बैठक में अपने संबोधन करते हुए कहा कि प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या के चुनाव परिणाम से पूरे विश्व में संदेश जाएगा इसलिए इस बार अब तक के सर्वाधिक मतों से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को जिताकर नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। बैठक को तमाम गणमान्य लोगों ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन करते हुए भाजपा नेता मनोज जायसवाल ने अयोध्या जनपद की जनता से अपील किया कि इस देश में गरीबों वंचितों के असली हितैषी नरेंद्र मोदी ही हैं। आज भाजपा के सरकार में हर वर्ग का विकास हो रहा है मोदी जी की सरकार ने गरीबों के लिए तमाम कार्य किए हैं जिससे उनके जीवन में उल्लेखनीय बदलाव आया है। आज देश का युवा गरीब किसान व्यापारी सभी लोग मोदी जी के राज में सुरक्षित महसूस करते हैं और देश को मजबूत करने में अपना योगदान दे रहे हैं इसलिए आप सबको 20 तारीख को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में सत प्रतिशत मतदान करके भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को भारी बहुमत से जिताना है। उपरोक्त अवसर पर प्रमुख रूप से चौरसिया समाज के जिला अध्यक्ष रमेश चौरसिया, भोजवाल समाज के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भोजवाल, कसौधन समाज के जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, दोसर वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष विनोद गुप्ता, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष देवेंद्र अग्रहरि, केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समिति के संयोजक गगन जायसवाल तथा रामनाथ जायसवाल, रंजीत शर्मा, अजय विश्वकर्मा, महिला मोर्चा की श्रीमती शकुंतला त्रिपाठी एवं श्रीमती श्यामा शर्मा, संजय श्रीवास्तव, पीएन राय,प्रताप बहादुर जायसवाल, सुनील जायसवाल, रोहित अग्रवाल, विवेक

साहू, अंकुश गुप्ता, अंजनी पांडे, रोहिताश्व चंद्र राजू, पार्षद सूर्य तिवारी, पार्षद धर्मेंद्र सिंह, पूर्व पार्षद मुरारी यादव, दीपक जायसवाल, सुशील शुक्ला, धर्मवीर सिंह, धर्मवीर निषाद, गोल्डी जायसवाल, अनुराग जायसवाल तथा हजारों अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में भवनियापुर में लगी जन चौपाल

## –10 वर्ष के कार्यकाल की योजना की जनता के बीच गिनाई उपलब्धियां

सोहावल–अयोध्या (आरएनएस)। फैजाबाद 54 लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं भाजपा लोकसभा प्रत्याशी लल्लू सिंह के जन समर्थन को लेकर भवनियापुर में राकेश जयसवाल द्वारा जन चौपाल लगायी गयी। प्रत्याशी लल्लू सिंह के पहुंचते ही भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भाजपा के सक्रिय नेता राकेश जयसवाल ने जय श्री राम के गगन भेदी जय घोष के साथ भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता साथियों के साथ माला पहनाकर स्वागत किया।जन चौपाल को सम्बोधित करते हुए कहा कि भवनियापुर और आसपास के सभी गांव से आयी माता बहनों नौजवान एवं बुजुर्गों का मैं हार्दिक बंदन एवं अभिनंदन करता हूं। आजादी के बाद आपने कई बार वोट देकर सरकारें बनायी है। 2014 से आप लोगों के मिले वोट से सरकार ने जो काम किया है।वह 65 साल तक चुनी हुई सरकार नहीं कर सकी। प्रधानमंत्री के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि दस साल में गरीबों के लिए 13 करोड़ घरों में घर घर नल जल 80 करोड़ गरीब घरों को मुफ्त राशन तथा आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध करायी है ।जिसमें किसानों का विशेष ध्यान रखते हुए 6 हजार रूपये की पीएम किसान योजना का लाभ दिलाने का भी विशेष ध्यान दिया गया।आने वाले समय मे 70 साल के वृद्ध जन को भी मुफ्त इलाज सहित कई योजनायें हैं।इस बार का चुनाव पीएम अथवा सांसद का नहीं है।समृद्ध शाली देश एवं गरीब के उज्जवल भविष्य का चुनाव करने जा रहे हैं। आप लोग एक सांसद नही देश के प्रधानमंत्री का चुनाव करने जा रहे हैं।इसलिए भारी बहुमत के साथ भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को भारी मतों से विजयी बनाकर दिल्ली तक ले जाने का काम करें।इस अवसर जितेंद्र तिवारी उर्फ माही पंडित, राजकरन रावत,बीडीसी सूरज रावत, गोविंद रावत,दुर्गा प्रसाद, सूर्यनाथ,मनीराम, सुखमता नेताइन, सीतापती रावत, दीपक जायसवाल गुड्डू मिश्रा पिंटू गुप्ता पप्पू जायसवाल रविंदर यादव कल्लू यादव आदि सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# निषादों का सम्मान और भविष्य सिर्फ भाजपा में – संजय निषाद



सुल्तानपुर(आरएनएसा)। कैबिनेट मंत्री संजय निषाद मोतिगरपुर स्थित पांडे बाबा बाजार में जनसभा को संबोधित करते हुए मेनका गांधी को जीत दिलाने का आवाहन किया। गठबंधन के समाजवादी पार्टी प्रत्याशी व पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद के निषाद वोटों के ध्रुवीकरण से रोकने के लिए शनिवार को सुल्तानपुर कैबिनेट मंत्री संजय निषाद पहुंचे। सुल्तानपुर के मोतिगरपुर स्थित पांडे बाबा बाजार के निकट आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने मेनका गांधी को जीत दिलाने का आवाहन किया। मंच पर मौजूद भाजपा विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, जिला अध्यक्ष भाजपा डॉ आरए वर्मा, सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार की मौजूदगी में हाथ उठाकर उन्होंने जनता का अभिवादन किया। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी और सीएम योगी के तारीफ करते हुए कहा कि निषाद समुदाय का सम्मान और उत्थान दोनों भाजपा के साथ ही है इसलिए कमल का बटन दबाना है आपके हाथ बढ़ाना है। श्रृंगवेरपुर में निषाद राज का किला बन रहा है। भगवान राम के मंदिर के बाद इसका स्थान देखा जा रहा है। निषाद समुदाय के उत्थान के लिए भारतीय जनता पार्टी ने बड़ा काम किया है। आपका आवाज बनाने के लिए बेटियों की विकास के लिए आपके समृद्धि के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। राहुल गांधी को उत्तराधिकारी बनाने में सोनिया गांधी ने बहुत देर कर दी है। राम मंदिर निर्माण से एक फायदा हुआ है कि मुसलमान भी मुख्य धारा में आया है, ईट देकर मंदिर निर्माण करवा रहा है। मुस्लिम भाइयों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अब तलवार चलाने का नहीं व्यवहार निभाने का समय आ गया है। अखिलेश यादव की ओर इशारा करते हुए कहा कि हम किसी की ओर टिप्पणी नहीं करते। निषादों ने अपनी समस्या के समाधान के लिए निषाद पार्टी बना रखी है। मोदी हर घर में खाना खाने जाते हैं, चाय पीते हैं। इससे बड़ा हमारे लिए और क्या होना चाहिए। समाजवादी व बीएसपी पार्टी का जातिगत कार्ड सफल नहीं हो पाएगा। संकल्प पत्र में 70 साल में पहली बार निषादों को स्थान मिला है।

# बसपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए डा0 ओम प्रकाश त्रिपाठी

सुल्तानपुर(आरएनएसा)। मेडिकल ऑफिसर की नौकरी छोड़कर बसपा की सक्रिय राजनीति करने वाले जिले के जाने माने चिकित्सक पार्टी के प्रदेश महासचिव डॉ ओम प्रकाश त्रिपाठी ने बसपा को अलविदा कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। जिले के सदर विधानसभा के निवासी होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ ओम प्रकाश त्रिपाठी ने वर्ष 2001 में मेडिकल ऑफिसर की नौकरी छोड़कर बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। पार्टी ने उन्हें वर्ष 2002 में हुए विधानसभा चुनाव में सुल्तानपुर सदर विधानसभा सीट से विधानसभा चुनाव भी लड़ाया था। चुनाव हारने के बाद भी उनका कद पार्टी में कम नहीं हुआ। बदलते राजनितिक परिदृश्य में बसपा की सरकार अल्प समय में गिरने के बाद सपा ने प्रदेश में सरकार बनाई। लेकिन डॉ त्रिपाठी बसपा की सक्रिय राजनीति से जुड़े रहे। वर्ष 2007 में प्रदेश में बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर पार्टी ने उन्हें ओएसडी बना लिया। कुछ समय बाद ओएसडी पद से इस्तीफा देकर राज्यमंत्री बने और बाद में विधानपरिषद के रास्ते सदन भेजे गए। लगातार पार्टी में बड़े ब्राह्मण चेहरे के रूप में उनका नाम रहा। बसपा मुखिया से संबंध के चलते उनके बेटे डॉ शैलेंद्र त्रिपाठी को भी बसपा सरकार में ही राजमंत्री का दर्जा मिला था। बदलते राजनितिक समीकरण व वर्तमान राजनिति को भांपते हुए डॉ त्रिपाठी ने बसपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि आकाश आनंद जिन्हे बसपा मुखिया मायावती द्वारा पार्टी का राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर और अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था उसके बाद आनंद बहुत मजबूती के साथ के साथ बहुजन मूवमेंट को आगे बढ़ा रहे थे जिसके परिणाम स्वरूप देश भर में पार्टी कार्यकर्ताओं में एक ऊर्जा का संचार हो गया उसका मूल कारण था आनंद के द्वारा असल मुद्दों को उठाना जिसकी वजह से देश का युवा, गरीब, महिला और खासकर बहुजन समाज एकदम से एकमत हो उनके साथ जुड़ता जा रहा था और इसका असर खासकर इस लोकसभा चुनाव में परिणाम जरूर दिखता और भविष्य में यह पार्टी के लिए बहुत हितकारी होता।उन्होंने पार्टी मुखिया से पार्टी हित व राष्ट्र हित को ध्यान में रखते हुए पुनः अपने निर्णय पर विचार करने की अपील की थी। इस पोस्ट के लगभग 20 मिनट बाद ही प्रदेश महासचिव ने पुनःबसपा मुखिया मायावती को संबोधित करते हुए नई पोस्ट की कि 2001 में चिकित्सा अधिकारी की नौकरी छोड़कर पार्टी ज्वाइन की और पूर्ण समर्पण के साथ आप के आदेशानुसार पार्टी के विचारो को जन जन तक पहुंचाया और आपने भी मुझे बहुत आगे बढ़ने का मौका दिया परंतु पिछले चार पांच वर्षो से ऐसा लग रहा है कि अब पार्टी को मुझ जैसे कार्यकर्ता की कोई आवश्यकता नहीं है। आप मेरा पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदो से इस्तीफा स्वीकार करे।'अमेठी में कांग्रेस के हुए डॉ त्रिपाठी'सुल्तानपुर। बसपा के प्रदेश महासचिव रहे जिले के जाने माने चिकित्सक डॉ ओम प्रकाश त्रिपाठी ने अमेठी के नंदमहर में आयोजित इंडी गठबंधन की अखिलेश यादव व राहुल गांधी की संयुक्त रैली में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। राहुल गांधी ने श्री त्रिपाठी को मंच पर पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। दो दशक के राजनितिक कैरियर में बसपा की राजनीति करने वाले डॉ त्रिपाठी ने पार्टी को कार्यशैली से व्यथित होकर कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर ली।

# सी.एम.एस. छात्रों ने जीते 7 गोल्ड मेडल

लखनऊ, 18 मई। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (द्वितीय कैम्पस) के मेधावी छात्रों ने इण्टरनेशनल मैथमेटिक्स ओलम्पियाड में 7 गोल्ड मेडल अर्जित कर लखनऊ का नाम रोशन किया है। गोल्ड मेडल अर्जित करने वाले छात्रों में संस्कृति मिश्रा, अथर्व शुक्ला, आस्था मिश्रा, वाची सिंह, रबनूर, राजशेखर अवस्थी एवं सैयद अहसान हैदर शामिल हैं। ओलम्पियाड का आयोजन साइन्स



ओलम्पियाड फाउण्डेशन, नई दिल्ली द्वारा किया गया। इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में विभिन्न देशों के छात्रों ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के मेधावी छात्रों ने गणित विषय अपने ज्ञान का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर 7 स्वर्ण पदक अर्जित किया, साथ ही अपनी अभूतपूर्व प्रतिभा की बदौलत आने वाले समय में विश्व पटल पर देश का नाम रोशन करने का संकेत दिया है। प्रतियोगिता के आयोजकों ने सी.एम.एस. के इन प्रतिभाशाली छात्रों को गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय के मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।वैज्ञानिक युग के महत्व को स्वीकारते हुए सी.एम.एस. अपने छात्रों का दृष्टिकोण वैज्ञानिक एवं विश्वव्यापी बनाने के उद्देश्य से जोरदार प्रयास कर रहा है जिसकी बदौलत सी.एम.एस. छात्र विभिन्न राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में नये नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।

# अग्रवाल युगल विकास संस्थान द्वारा निशुल्क शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ

झांसी! अग्रवाल युगल विकास संस्थान के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति अध्यक्ष अग्र नीरज डिंपल की अध्यक्षता में संस्थापक अध्यक्ष दीप्ति अतुल किलपन के प्रयोजन संयोजन में मुख्य अतिथि श्रीमती



मुन्नी देवी अग्रवाल के कर कमलो द्वारा निशुल्क शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ गंधीघर का टापरा स्थित हुआ भीषण गर्मी में राहगीरी को मटके का ठंडा जल पीने को मिलेगा अध्यक्ष ने बताया इसी कड़ी मैं प्रत्येक सदस्य के प्रतिष्ठान एवं निवास पर पानी के मटके रखे जाएंगे इस अवसर पर कैलाश ेइ प्रवीण सागर दीप्ति अतुल नेहा राकेश साधना आमोद मीनू राजीव गिरीश मोदी सुरेश सेल टैक्स संजय शाहजहांपुर नीरज कबउ पंकज गर्ग हरिश्चंद्र अग्रवाल वेदिका मुस्कान दीपक आशुतोष सिद्धांत अग्रवाल अवि अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे सचिव हरिश्चंद्र अग्रवाल ने संचालन एवं आभार व्यक्त किया।

# श्रीमद भागवतम की कक्षा जूम पर लाइव ,मोहनी एकादशी आज



लखनऊ रूइस्कॉन मन्दिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी ने बताया कि दिनांक 19 मई, 2024 दिन रविवार को मोहिनी एकादशी है, शास्त्रों के अनुसार एकादशी को अन्न नहीं ग्रहण करना चाहिए, इसलिए कृपया अन्न ग्रहण ना करें स प्रत्येक एकादशी को मन्दिर अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभुजी द्वारा इस्कॉन मन्दिर मे भक्तों के लिए श्रीमद भागवतम की कक्षा प्रातः 06:00 बजे रखी जाती है, जिसका जूम पर भी सीधा प्रसारण किया जाता है स भक्तगण श्रीमद भागवतम कक्षा हेतु मन्दिर आ सकते हैं अथवा जूम पर जुड़ सकते हैं, जिसका विवरण निम्न है –जूम आईडी – ८१०६७६८४२३७ ,पासवर्ड – 2021एकादशी व्रत रखने के साथ–साथ अगले दिन समय से व्रत का पारण किया जाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है सव्रत पारण समयरू दिनांक 20 मई प्रातः 05:16 से 09:47 बजे तक

# सीएमओ ने कूरेभार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

सुल्तानपुर(आरएनएसा)। आम आदमी को स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो, सरकारी स्वास्थ योजनाओं का शत–प्रतिशत पालन सुनिश्चित हो, इसकी हकीकत जानने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने शनिवार को प्रातः कूरेभार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। सीएमओ डॉ.चौधरी द्वारा ओआरएस कार्नर, डेंगू वार्ड, कोल्ड रूम आदि की बारीकी से जांच की गई। डाक्टर व कर्मियों की उपस्थिति पंजिका, दवा काउंटर, स्टोर रूम व अस्पताल की साफ–सफाई का भी निरीक्षण किया गया। सीएमओ द्वारा कर्मियों को होने वाली समस्याओं के निष्तारण का निर्देश देते हुए कहा गया कि आम लोगों को समस्त स्वास्थ सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो। इसमें पारदर्शिता और सुचिता बनी रहे। साथ ही उन्होनें सभी कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहाकि आदर्श आचार संहिता का उलंघन नही होना चाहिए। आप सभी अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करे। मरीजों के साथ शालीनता से पेश आए उनकी सेवा पूरी इमानदारी और जिम्मेदारी से निभाए।

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की जीत का दारोमदार चार पूर्व व एक वर्तमान विधायक पर

## बाकी के पूर्व विधायक व बड़े सपाइयों को फ्रेम से किया गया गायब

सुल्तानपुर। वैसे देश आजाद होने के बाद से और समाजवादी पार्टी के वजूद में आने के बाद से सुल्तानपुर 38 लोकसभा सीट से अभीतक कोई सपा से सासंद नही बन सका। लोकसभा 38 सुल्तानपुर ने अबतक कांग्रेस, बसपा और भाजपा को इस सीट से कई बार मौका दिया। इस बार कई दल एकसाथ मिलकर इंडिया गठबंधन बनाकर गोरखपुर के पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद को प्रत्याशी बनाया गया है और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की जीत का सारा दारोमदार चार पूर्व विधायक




अनूप संडा, अरुण वर्मा, संतोष पांडेय और भगेलूराम तथा ईसौली से वर्तमान विधायक मो.ताहिर खां को दी गई है। इन्ही पूर्व और वर्तमान विधायकों के साथ जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव व महासचिव सलाहुद्दीन भी लगे हुए है। सूत्र बताते है कि बाकी के सपाई पूर्व विधायक हो या बड़े नेताओ को तरजीह नही मिली जिसका इंडिया गठबंधन को भारी नुकसान हो सकता है। इंडिया गठबंधन में कुछ बड़े नेतागण हाथीदांत की तरह दिख रहे है मतलब साफ है, खाने और दिखाने वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। शायद यही बात सपा मुखिया को डरा रही है जिसको दुरूस्त करने के लिए शनिवार को उन्होंने सुल्तानपुर में जनसभा के जरिए संदेश देने की कोशिश की। हालाकि इंडिया गठबंधन की बात छोडिए सपाई खेमें में मामला ठीक नही चल रहा है। जिन पूर्व और वर्तमान माननीयों पर राम भुआल निषाद को कामयाब बनाने की जिम्मेदारी है। सूत्र बताते है कि उनमें ही तालमेल की कमी है। इसी का फायदा नाराज सपाई भुनाने में लगे हुए है, राजनितिक जानकारों माने तो यदि इंडिया गठबंधन प्रत्याशी कामयाब हुए तो कुछ के कद बढ़ेगे तो कुछ के राजनितिक सफर में ग्रहण लग सकते है और कहीं राम भुआल निषाद असफल हुए तो कुछ के तार में करेंट की सप्लाई रोकी जा सकती है। इसी गुणा–गणित में सपाई आपस में उर्जा खर्च करने में लगे है।

# लोकसभा चुनाव के मध्ये नजर पैरामिलिट्री एवं क्षेत्राधिकार ने किया गरौठा कस्बे में पैदल मार्च

झांसी!गरौठा लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी गरौठा रामवीर सिंह के नेतृत्व में आज कस्बा के बाजार सहित



विभिन्न मोहल्ले में बड़ी संख्या में पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों एवं कोतवाली पुलिस बल के जवानों द्वारा कस्बा में पैदल मार्च किया गया।फ्लैग मार्च कर पैरामिलिट्री फोर्स एवं पुलिस के जवानों ने लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।पैदल फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण निष्पक्ष तरीके से संपन्न करना है।इसके साथ ही जवानों ने अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण भी किया।

# भाजपा सरकार ने युवाओं को दिया धोखा रू अखिलेश यादव

## –फैजाबाद लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के समर्थन में सपा सुप्रीमों ने की जनसभा

मिल्कीपुर–अयोध्या (आरएनएस)। सपा प्रमुख अखिलेश यादव शनिवार की दोपहर मिल्कीपुर पहुंचे। उन्होंने इनायत नगर मिल्कीपुर क्षेत्र के पांच नंबर चौराहा स्थित मैदान में जनसभा की। यह उनकी तीन दिन में दूसरी जनसभा है। जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं को धोखा देने का काम किया है। कोरोना काल में इन्होंने जो वैक्सीन लगवाई, आज वो लोगों की जान ले रही है। लोगों को हार्ट अटैक पड़ रहे हैं। अब वैक्सीन बनाने वाली कंपनी कह रही है कि हम वैक्सीन वापस लेंगे। शरीर में जो वैक्सीन चली गई, उसे कैसे वापस लिया जा सकता है। पेपर लीक नहीं हुए, सरकार ने कराए हैं। कहीं, नौजवानों को नौकरी देनी न पड़ जाए। यह सरकार जानती है, अगर सरकारी नौकरी देंगे तो आरक्षण देना पड़ेगा। पीडीए की सरकार आई तो नौजवानों को उनका हक देंगे। आज नौजवानों के सामने कोई नौकरी का रास्ता नहीं बचा। जब कभी नौकरी की परीक्षा हुई तो पेपर लीक हो गया। भाजपा ने वादा किया था कि किसानों की आय दोगुनी करेंगे। किसी किसान की आय बढ़ी क्या? इन्होंने केवल महंगाई बढ़ाई और खाद की बोरी से 10 किलो की चोरी की। बड़े–बड़े उद्योगपति बैंकों का पैसा लेकर भाग गए थे। इस सरकार में परीक्षाएं रद्द हुईं। इस बार आंसुओं का पानी खतरे के निशान ऊपर बह रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार जो देश का चुनाव होने जा रहा है, ये हमारे आपके भविष्य का चुनाव है। एक तरफ वो लोग हैं, जो संविधान को बचाना चाहते हैं और दूसरी तरफ वो लोग हैं, जो संविधान बदलना चाहते हैं। चार चरणों के वोट पड़े हैं, उसमें बीजेपी चारों खाने चित्त है। आपने देखा होगा, अब तो आंसुओं की नदी बहने लगी है। हम किसान भाइयों से कह के जा रहे हैं कि किसानों का पूरा का पूरा कर्जा माफ करेंगे। समाजवादी पार्टी ने तय किया है कि राशन की गुणवत्ता बढ़ाएंगे। गरीबों को आटा के साथ डाटा फ्री देने का काम करेंगे। मैंने एम्बुलेंस की सुविधा दी थी, आज एंबुलेंस खराब हो गई है। उन्होंने कहा मैंने जनता की सुविधा के लिए 100 नंबर पुलिस चलाया। इन्होंने इसे बदलकर 112 पुलिस कर दिया। यदि किसी से विवाद होता है तो पुलिस जाती है और दोनों पक्षों से रुपए लेकर वापस चली जाती है। उन्होंने फैजाबाद लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के लिए वोट की अपील की। अवधेश प्रसाद वर्तमान में मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। यहां पांचवें चरण में 20 मई को वोटिंग है। आप लोग इनको भारी वोटो से जीत कर दिल्ली भेजे। रोटी कपड़ा और मकान, उससे पहले अपना संविधान। यह चुनाव हमारे आपके भविष्य के साथ–साथ अपने आने वाली पीढ़ी का चुनाव है। अयोध्या पूरे देश दुनिया में सौहार्द के लिए जानी जाती है, अयोध्या भाईचारे एवं गंगा जमुना तहजीब की सीख देती है। जनसभा को सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे उर्फ पवन पांडे, मिल्कीपुर विधायक एवं लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद विधानसभा अध्यक्ष पृथ्वीराज यादव एवं प्रदेश सचिव माखनलाल यादव सहित कई नेताओं ने भी संबोधित किया।

# प्रदेश की 80 सीटें जीत रही है भाजपा केशव प्रसाद मौर्या

अयोध्या (आरएनएस)। नाका गांधी आश्रम से डिप्टी सीएम केशव प्रयास मौर्या का रोड–शो निकला। विकराल गर्मी, तपती जमीन, गर्म हवाओं से कार्यकताओं के उत्साह में कोई कमी नही दिखाई दे रही है। ढ़ोल–नगाड़ों के थापों से कार्यकताओं का उत्साह और बढ़ रहा था। शंख ध्वनि तथा जय श्री राम का उद्घोष से वातावरण राममय हो रहा था। आगे चल रहे डीजे पर भाजपा सर्मथित गीत बज रहे थे। जिसके पीछे बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता चल रही थी। गांधी आश्रम से नाका चुंगी पहुंचते–पहुंचते चारों तरफ केवल भाजपा के ध्वज ही दिखाई दे रहे थे। रथ पर डिप्टी सीएम के साथ सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह, जिपंअ रोली सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक रामचन्दर यादव, वेद प्रकाश गुप्ता, क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह, अयोध्या विधान सभा प्रवासी मधू शर्मा सवार थी। रथ पर सवार सभी लोगों को अभिवादन का रहे थे। डिप्टी सीएम एक हाथ में भाजपा का चुनाव चिन्ह लिए हुए थे।नाका गांधी आश्रम से निकला रोड–शो फतेहगंज, चौक, रिकाबगंज, होते हुए सिविल लाइन पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान रोड–शो के मार्ग पर सैकड़ों स्थानों पर स्थानीय लोगों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। जगह–जगह पेयजल तथा अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।

# उम्मीद रोशनी की संस्था के द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान चलाया

झांसी! जिला निर्वाचन अधिकारी एव दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ध्नोडल अधिकारी विभाग के तत्वावधान में 20मई झांसी ललितपुर जनपद में होने वाले लोकसभा सामान्य चुनाव शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओ को जागरूक करने के लिए उम्मीद रोशनी की समाजसेवी संस्था के साथियों द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता अभियान के क्रम में बिजौली मलिन बस्ती और डडियापुरा बस्ती के मतदाता को मतदान करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया । वोट के महत्व को समझाया गया। मतदाताओ को शपथ ग्रहण कराई गई कि वे अपने कर्तव्य का पालन करें। इस अवसर पर संस्थाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव, सुरेंद्र सिंह खाती, संदीप कंचन ,अब्दुल निजाम डीएम सिंह, वैभव गौतम आदि मौजूद रहे।



विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, रविवार 19 मई 2024
sheelshukla100@gmail.com


# संपादकीय

## भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम

भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रख्यात व सार्वजनिक हस्तियों को जिम्मेदार व्यवहार करना चाहिए। अदालत ने निर्देश दिया कि विज्ञापन जारी करने की अनुमति से पहले केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 के अनुसार, विज्ञापनदाताओं से स्वघोषणापत्र हासिल किया जाए। इस कानून का नियम 7 विज्ञापन संहिता का प्रावधान करता है जिसमें कहा गया है कि विज्ञापन देश के कानूनों के अनुरूप बनाए जाने चाहिए। अदालत पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। ये विज्ञापन निषिद्ध किए जा चुके हैं।

पीठ ने संबद्ध केंद्रीय मंत्रालयों को भी इन भ्रामक विज्ञापनों व केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण द्वारा की गई या प्रस्तावित कार्रवाई से अवगत कराने को भी कहा। प्रचार व विज्ञापन उपभोक्ता को प्रभावित करने में महती भूमिका निभाते हैं। उस पर जब यह किसी प्रख्यात या सार्वजनिक शख्सियत द्वारा किया जा रहा हो तो आम जनता को खास तौर पर प्रभावित करता है। इस मामले में तो कोविड टीकाकरण व आधुनिक चिकित्सा पण्राली को सीधा निशाना बनाया गया था जिस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने याचिका दायर की जिस पर सुनवाई चल रही है।

इसमें संदेह नहीं कि लाभ के लोभ में कंपनियां भ्रामक प्रचार द्वारा सालों–साल जनता को बरगलाती रहती हैं। संबंधित मंत्रालय व विभाग इनके प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने से मुंह फेर लेते हैं। निराधार दावों, अतिरंजित बातों, छद्म दावों व अनुचित सूचना वाले तथा असुरक्षित उत्पादों से उपभोक्ताओं को प्रभावित कर रहे तमाम विज्ञापन अभी भी बेधडक प्रकाशितध्प्रचारित हो रहे हैं जो बच्चों के कोमल मन को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं, युवाओं को दिग्भ्रमित व बुजुगरे को भ्रमित कर रहे हैं।

नियमों की अवहेलना करते हुए नामदार शख्सियत धन के लोभ में इनका बेतहाशा प्रचार करती हैं जिनके आधार पर कहना ज्यादती नहीं होगा कि वे उपभोक्ताओं के अधिकारों को तरजीह देने को राजी नहीं। ऐसा सिर्फ इसीलिए हो रहा है क्योंकि समूची व्यवस्था अपनी जिम्मेदारियों के प्रति घोर लापरवाही बरतती है। बात अकेले पतंजलि की नहीं है। इसे उदाहरण मान कर संबंधित मंत्रालयों व विभागों को सतर्क हो जाना चाहिए। न कि एक–एक विज्ञापन को लेकर अदालतों का दरवाजा खटखटाने वालों के इंतजार में बैठे रहना चाहिए।

## देश को दुनिया में सम्मान दिलाने की क्षमता हो

चुनावी मौसम में वेद शास्त्रों और आचार्य चाणक्य के राष्ट्रपरक नीति वचन की याद आना लाजिमी है जिसमें कहा गया है कि जनता ऐसे दूरदर्शी, त्यागी, नीतिवान और चरित्रवान व्यक्ति का चुनाव करे जिसमें देश को बेहतरी की तरफ ले जाने और दुनिया में सम्मान दिलाने की क्षमता हो।

एक नागरिक का कर्त्तव्य अपने देश के प्रति कैसा होना चाहिए? इस पर चाणक्य का कहना है, कर्त्तव्य को विवेक से करना नीतिवान मनुष्य का प्रथम कर्त्तव्य है। चाणक्य इसी संदर्भ में कहते हैं–भली प्रकार सोच–विचार कर या अवसर को पहचानने के बाद ही कोई निर्णय लेना चाहिए।

पांच साल के बाद जनता को अवसर मिलता है कि निवर्तमान सरकार के कायरे, नीतियों और निर्णयों का बेहतर मूल्यांकन कर नई सरकार के लिए बगैर किसी लालच खूब सोच–समझ कर अपना मत दे यानी ईवीएम का बटन दबाए। तमाम तरह के सर्वे समझाने की कोशिश करते रहे हैं कि आम चुनाव में भी क्षेत्रीय मुद्दे और जात–पात की मानसिकता हावी है। हम मतदाता अपने नागरिक कर्त्तव्यों को बेहतर सोच और परिणाम के साथ निभाने में हमेशा पीछे रहते हैं, वरना क्या वजह है कि दुनिया के तमाम देशों में जहां सरकार बनाने के लिए अस्सी–नब्बे प्रतिशत मतदान होता है वहीं भारत में पचास या साठ के आसपास। ताजा सर्वेक्षण तस्दीक करते हैं कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के बनिस्बत महंगाई और बेरोजगारी को तरजीह दी जा रही है यानी आतंक, धारा 370, समान नागरिक संहिता (कानून), विदेशी घुसपैठ जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा और अस्मिता के मुद्दे ज्यादातर लोगों के लिए अहमियत नहीं रखते यानी राष्ट्र प्रथम के ऊपर महंगाई और बेरोजगारी भारी पड़ रही है।

बेहतर शासन की कवायद की जगह आरक्षण और संविधान बचाने के सब्जबाग लोगों को शायद ज्यादा अपील कर रहे हैं। ऐसा है तो भारत जैसे राष्ट्रीय गौरव–गरिमा और सांस्कृतिक चेतना की पहचान रखने वाले देश के लिए चिंता की बात मानी जाएगी क्योंकि न तो निवर्तमान सरकार आरक्षण खत्म करने जा रही है, और न संविधान ही बदला जाएगा। यह एनडीए के घोषणापत्र में प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। राजनीति के जानकारों की मानें तो यह भी हो सकता है कि कुछ लोगों के निहित स्वार्थ केंद्र और राज्य सरकार चुनते समय राष्ट्रीय मुद्दों से दूर रखने का कार्य कर रहे हों। लोग अपने जातिगत, मजहबगत और क्षेत्रगत भावनाओं से ऊपर निकलना न चाह रहे हों यानी व्यक्तिगत निहित स्वार्थ न पूरा हो पाने के कारण बहुत छोटे–मोटे मनमुटाव मतदान से दूर हों, या गर्मी की वजह भी लोगों को मतदान करने में रुकावट पैदा कर रही हो।

दरअसल, राष्ट्रवादी भावना का उद्वेग भारत में खास मौकों पर ही देखा जाता है। आजादी के बाद पिछले 76 वर्षो में राष्ट्र प्रथम के कर्त्तव्यबोध का संचार सतत राष्ट्र जागरण के तौर पर हुआ ही नहीं। जैसे दुनिया के तमाम देशों में हुआ। यही वजह है कि राष्ट्रभाषा, राष्ट्र सुरक्षा, राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रहित पर केंद्रित चुनाव हुए ही नहीं। देश–दुनिया में जैसी भारत की साख है, उस पर केंद्रित राष्ट्रीय अस्मिता और राष्ट्र चेतना से ताल्लुक रखने वाले मुद्दे अब न नारों में सुनाई पड़ते हैं, और न दलों के चुनावी घोषणापत्रों में। हां, खुद को राष्ट्रवादी दल कहने वाले दलों के चुनावी घोषणापत्र में इस पर चर्चा जरूर शामिल है। व्यक्ति, परिवार और जाति–मजहब केंद्रित दलों की स्वार्थवादी सोच ने भारत की साख, शक्ति और अस्मिता के सवालों को कभी तवज्जो दी ही नहीं। इसका परिणाम यह हुआ कि व्यक्तिगत हितसाधन और महज आत्म–केंद्रित क्षुद्र स्वाथरे की ही पूर्ति होती रही। राष्ट्र प्रथम के बारे में सोचा ही नहीं गया। इससे आंचलिक क्षत्रपों के पारिवारिक और सामाजिक हितसाधन होते रहे, लेकिन राष्ट्र और सर्वहित हमेशा पीछे छूटता रहा।

मूल्याधारित राजनीति अब बीते जमाने की बात हो चुकी है। इसलिए राजनीतिक दलों से मूल्याधारित राजनीति और बेदाग छवि वाले नेताओं के नेतृत्व की आशा भी नहीं की जा सकती। यही वजह है कि दागदार नेताओं की बड़ी तादाद भारतीय राजनीति का हिस्सा बन चुकी है, और उनके खिलाफ कोई आक्रोश कहीं दिखाई नहीं दे रहा। आज का भारतीय समाज अर्थ केंद्रित है। गुण, ज्ञान, अनुभव और प्रतिभा का मूल्यांकन अच्छी नौकरी पाने या व्यापार में खूब मुनाफा कमाने तक सीमित हो गया है। यही वजह है कि आम चुनाव में विपक्ष द्वारा बार–बार सब को नौकरी देने जैसे असंभव माने जाने वाले कार्य को हवा दी जा रही है।

रेवडियों को बांटने और किसानों की कर्जमाफी के जो वादे किए जा रहे हैं, वे सत्ता हथियाने के हथियार ही नजर आ रहे हैं। यदि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की बात कही जा

# यादगार होगी स्मृति ईरानी की जीत!

कांग्रेस के रणनीतिकार भले ही अपनी रणनीति से संतुष्ट हो। भले ही गांधी परिवार अपनी साख बचाने की कोई भी दलील दे पर सच्चाई यही है कि राहुल गांधी ने अमेठी सीट से चुनाव लड़ना कतई उचित नहीं समझा। कभी कांग्रेस की खानदानी सीट मानी जाने वाली अमेठी से 2019 में पहले भाजपा की स्मृति ईरानी से चुनाव हारना और अब 2024 में राहुल गांधी का पलायन करना निरूसंदेह यह बताने को काफी है कि राहुल गांधी स्मृति ईरानी से टक्कर लेने का साहस नहीं दिखा सके। अलवक्ता कांग्रेस ने राहुल गांधी की बजाय अर्से तक गांधी परिवार के अमेठी, रायबरेली में चुनाव प्रबन्धक एवं वफादार सिपहसालार रहे किशोरी लाल शर्मा को चुनाव मैदान में उतारकर प्रत्यक्षरू यह जताने की कोशिश की हैं कि गांधी परिवार अमेठी से अपने पुराने रिश्ते को बरकरार रखना चाहता है। कांग्रेस के रणनीतिकारों को उम्मीद थी कि चूंकि राहुल गांधी पड़ोस की गांधी परिवार की खानदानी सीट रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं सो किशोरी लाल शर्मा को इसका लाभ मिलना तय है। यही नहीं चूंकि उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन के तहत रायबरेली व अमेठी सीट कांग्रेस के खाते में गई अतएवं दोनो ही सीटों पर गठबंधन की प्रमुख भागीदार सपा के वोटों का लाभ मिलना तय है। कांग्रेस के रणनीतिकार भले ही अपनी रणनीति से संतुष्ट हो। भले ही गांधी परिवार अपनी साख बचाने की कोई भी दलील दे पर सच्चाई यही है कि राहुल गांधी ने अमेठी सीट से चुनाव लड़ना कतई उचित नहीं समझा। उन्हें परिवार की 2019 में अपनी हारी खानदानी सीट अमेठी से मम्मी श्रीमती सोनिया गांधी की जीती रायबरेली कहीं ज्यादा सुरक्षित लगी। जहां तक अमेठी सीट पर स्मृति ईरानी के मुकाबले में किशोरी लाल शर्मा को मैदान में उतारने की बात है तो उनके उतारने से अमेठी में न तो कोई उत्साह की लहर है न तो उन्हे अमेठी हाथोहाथ लेने को तैयार है। समर्पित कांग्रेसजनों और पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के अलावा न तो कोई बड़ा कांग्रेसी नेता उनके पक्ष में दिखाई दे रहा है और न ही उन्हे गांधी परिवार से कोई विशेष तरजीह दी जा रही है। यदि ऐसा न होता तो श्री शर्मा के नामांकन के मौके पर प्रियंका गांधी अवश्य मौजूद रहती। जबकि वह पड़ोस में यानी रायबरेली में अपने भाई राहुल के नामांकन के अवसर पर जोश–ओ–खरोश के साथ उपस्थित थी। यह मान लिया जाये कि भाई के नाते प्रियंका की प्राथमिकता राहुल गांधी थे तो भी प्रियका के रॉबर्ट वाड्रा तो उपस्थित रह ही सकते थे। जहां तक इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल सपा व अन्य के कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन मिलने का सवाल है, हालात बता रहे हैं कि सपा समर्थक खासकर यादव समाज के लोगों का रूझान कांग्रेस प्रत्याशी की तुलना में भाजपा प्रत्याशी की ओर कहीं ज्यादा है। जिस तरह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन



यादव, स्मृति ईरानी के जुलूस से लेकर नामांकन पत्र दाखिल करने के मौके पर उपस्थित रहे और उन्होने पड़ोस के सुल्तानपुर में अपनी सुसराल बताकर अपने को यहां का दामाद बताकर अपना हक जताया। उससे भी यादव विरादरी का अधिकाधिक वोट श्रीमती ईरानी को मिलना ही मिलना है। यहां यह भी कम गौरतलब नहीं है कि अमेठी के जिन दो सीटों पर सपा विधायकों का कब्जा है उनमें से एक गौरीगंज के सपा विधायक सपा से लगभग प्रत्यक्ष भी न भी सही अप्रत्यक्ष रूप से नाता तोड़ चुके हैं। उनका पूरा परिवार हाल ही में भाजपा में शामिल हो चुका है। ज्ञात रहे सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह गौरीगंज सीट से लगातार तीन बार चुनाव जीतकर एक रिकार्ड बना चुके हैं। उनका इस सीट के मतदाताओं पर काफी अच्छा प्रभाव माना जाता है। ऐसे में उनके समर्थकों का अधिकाधिक वोट कांग्रेस के श्री शर्मा की बजाय भाजपा की श्रीमती ईरानी को मिलना तय माना जा रहा है। सपा की दूसरी विधान सभा सीट अमेठी पर भी ऐसा ही नजारा दिखने को मिल रहा है। यहां से सपा विधायिका महाराजी देवी का बेटा और बेटी सहित पूरा कुनबा ही श्रीमती ईरानी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने में जुटा हुआ है। ज्ञातव्य है महाराजी देवी के पति गायत्री प्रजापति भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते एक अर्से से जेल में बंद है और उन्हे लगता है कि भाजपा की शरण में जाने से उनके पति व परिवार को राहत मिल सकती है। महाराजी देवी प्रजापति ओबीसी से आती हैं और उनकी बिरादरी कुम्हारों के अलावा उनके खास समर्थक मानी जाने वाली जातियों मौर्य, नाई आदि का भी भरपूर समर्थन भाजपा प्रत्याशियों को मिलना तय माना जा रहा है।

जानकार सूत्रों का कहना है कि यहां पर यह भी कम काबिलेगौर नहीं है कि जब 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को सपा–बसपा गठबंधन का पूरा समर्थन प्राप्त था तब भी भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी को ओबीसी के 70 फीसदी मतदाताओं का समर्थन हासिल हुआ था और कुर्मी तथा कौरी जाति का तो 80 फीसदी से अधिक समर्थन मिला था। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में एक और महत्वपूर्ण बात यह बतायी जा रही है और वो है बसपा का सपा से अलग होकर स्वतंत्र चुनाव लड़ना। समझा जा रहा है कि ओबीसी जाति के रवि प्रकाश मौर्य भाजपा व कांग्रेस दोनों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। हालांकि यह तथ्य भी सामने आ रहा है कि बसपा के चलते मुस्लिम व दलित वोटों में बंटवारा तय है। जिसका खामियाजा कांग्रेस को ही भुगतना पड़ेगा। राम मंदिर बनने के बाद से दलित परिवारों का ज्यादा से ज्यादा समर्थन भाजपा को मिलना सुनिश्चित है। जहां तक मुस्लिम मतों का सवाल है कुछ हद तक मुस्लिम महिलाओं का वोट भी भाजपा प्रत्याशी के खाते में जा सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्मृति ईरानी के समर्थन में अब तक दो–दो बार रैलिया करने से उदासीन

# सुप्रीम कोर्ट से केंद्र को लगा जोर का झटका धीरे से

दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के जरिए किसी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के सामने एक साफ–साफ लकीर खींच दी है। कोर्ट ने साफ कहा कि गिरफ्तारी के वक्त पुलिस को इसका आधार लिखित तौर पर देना होगा। देश की शीर्ष अदालत ने दो मामलों में केंद्र सरकार को जोर का झटका धीरे से देते हुए यह जाहिर कर दिया कि कानूनों की मनमानी व्याख्या अपनी सुविधा के हिसाब से नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट के ईडी की गिरफ्तार करने की शक्तियों को सीमित करने के साथ ही दूसरे मामले में एक वरिष्ठ पत्रकार की गिरफ्तारी को अवैध करार देने से केंद्र को यह झटका लगा है। इन दोनों मामलों में दिए गए फैसलों से बेशक केंद्र की भाजपा सरकार को व्यापक राजनीतिक नुकसान नहीं हो किन्तु इसके दूरगामी परिणाम अवश्यंभावी होंगे। परिणाम यह होगा कि ईडी अब आसानी से किसी के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं कर सकेगी। इसी तरह पुलिस खिलाफ खबर पर किसी पत्रकार को भी आसानी से गिरफ्तार नहीं कर सकेगी। ईडी की कार्रवाई में कितने कानूनी तथ्य हैं, यह देखने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अधिनस्थ अदालतों को रैफ्री की भूमिका दी है। गौरतलब है कि लंबे अर्से से विपक्षी दल केंद्रीय एजेंसियों पर भेदभाव के आरोप लगाती रहीं हैं। विपक्षी दलों का आरोप है केंद्र सरकार राजनीतिक रंजिशवश इन एजेंसियों को दुरुपयोग कर रही है। एक याचिकाकर्ता ने दिसंबर 2023 में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता का सवाल था कि अगर विशेष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में व्यक्ति विशेष के आरोपों को संज्ञान में ले लिया है, तो क्या तब भी उसे बेल के लिए सेक्शन 45 की दोहरी शर्तों को पूरा करना होगा। इस मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद धन–शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) प्रावधानों के तहत जमानत की कड़ी शर्तों को संतुष्ट करने की जरूरत नहीं है। अगर आरोपी समन द्वारा विशेष अदालत के समक्ष पेश होता है, तो यह नहीं माना जा सकता कि वह हिरासत में है। अगर अदालती समन के चलते पेश



होने के बाद ईडी आरोपी की हिरासत चाहती है, तो उसे विशेष अदालत में आवेदन देना होगा। अदालत केवल उन कारणों के साथ हिरासत देगी, जो संतोषजनक हो और जिनमें हिरासत में लेकर पूछताछ की जरूरत हो। जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने यह फैसला सुनाया है। बेंच ने कहा है कि अगर किसी मामले में ईडी ने किसी आरोपी को गिरफ्तार किए बिना चार्जशीट दाखिल की और अदालत ने इस पर संज्ञान लेकर उसे समन किया तो ऐसे व्यक्ति को पीएमएलए के तहत जमानत के लिए दोहरी शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है। पीएमएलए को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के दौरान 2002–03 में लाया गया था। बाद में मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान 1 जुलाई, 2005 को इसे लागू किया गया। उस वक्त इस कानून को ब्लैक मनी के फ्लो को रोकने के उद्देश्य से बनाया गया था। पीएमएलए कानून के तहत सबसे पहले झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सीएम मधु कोडा के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इसके बाद साल 2010 में 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, कोयला घोटाला समेत कई बड़े घोटालों में इस कानून के तहत कार्रवाई हुई। फिर साल 2012 में तत्कालीन वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने इसमें संशोधन भी किया था। बीते कुछ सालों में इस एक्ट में और भी कई बदलाव किए गए हैं। ईडी की शक्तियां सीमित करने के साथ केंद्र सरकार को दूसरा झटका लगा न्यूज क्लिक के फाउंडर संपादक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी को लेकर। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद न्यूज क्लिक के फाउंडर प्रबीर पुरकायस्थ को रिहा कर दिया गया। न्यूजक्लिक फाउंडर पुरकायस्थ को पोर्टल के माध्यम से राष्ट्र–विरोधी प्रचार को बढ़ावा देने के लिए कथित चीनी फंडिंग के मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुरकायस्थ के खिलाफ आरोप लगाया गया कि न्यूजक्लिक को चीन के पक्ष में प्रचार के लिए कथित तौर पर धन मिला था। देश की सबसे बड़ी अदालत ने यूएपीए मामले में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को गलत माना। कोर्ट का यह फैसला अपने आप में एक नजीर है। इसका असर आने वाले दिनों में दूसरे फैसलों पर भी दिख सकता है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के जरिए किसी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के सामने एक साफ–साफ लकीर खींच दी है। कोर्ट ने साफ कहा कि गिरफ्तारी के वक्त पुलिस को इसका आधार लिखित तौर पर देना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 20, 21 और 22 के तहत सबसे अटूट मौलिक अधिकार है। इसे भी किसी तरह नजरअंदाज या अनदेखा नहीं किया जा सकता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट की कही इस बात का स्पष्ट संदेश है कि हर नागरिक के लिए जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार की अपनी विशेष अहमियत है। इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूएपीए या अन्य कानून के तहत किसी भी शख्स की गिरफ्तारी से पहले अब पुलिस को पहले लिखित में ये बताना जरूरी होगा कि उसकी गिरफ्तारी किस आधार पर की जा रही है। इसके लिए लिखित में भी सूचित करना होगा। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ये भी साफ कर दिया है कि किसी भी इंसान के लिए कानूनी कार्रवाई एक जैसी होनी चाहिए और उसे किसी हाल में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि गिरफ्तारी के ऐसे लिखित आधारों की एक कॉपी गिरफ्तार किए गए शख्स को बिना किसी अपवाद के जल्द से जल्द दी जानी चाहिए। कोर्ट की इस टिप्पणी से ये साफ हो गया कि गिरफ्तार शख्स को हर हाल में जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिखित आधारों की एक कॉपी मिलनी चाहिए, ताकि उसे अपने खिलाफ हो रही कार्रवाई की पूरी जानकारी हो। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई झिझक नहीं है कि लिखित रूप में गिरफ्तारी के लिए रिमांड कॉपी नहीं दी गई, जिसके चलते गिरफ्तारी अवैध है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने जो कहा उससे इस बात की रिमांड की कॉपी ना मिलने पर गिरफ्तारी को भी अवैध साबित किया जा सकता है। कोर्ट ने मौलिक अधिकार पर अतिक्रमण करने के किसी भी प्रयास को अस्वीकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस प्रकार, संविधान के अनुच्छेद 20, 21 और 22 द्वारा ऐसे मौलिक अधिकार का उल्लंघन करने के किसी भी प्रयास से सख्ती से निपटना होगा। कोर्ट की इस टिप्पणी से भी साफ हो रहा है कि अगर ऐसा होता है तो उसे इंसान के मौलिक अधिकार का हनन माना जाएगा। फैसला लिखते हुए, न्यायमूर्ति मेहता ने कहा कि पुरकायस्थ की गिरफ्तारी, उसके बाद पिछले साल 4 अक्टूबर का रिमांड आदेश और दिल्ली उच्च न्यायालय का 15 अक्टूबर का रिमांड को वैधा करने का आदेश, कानून के विपरीत था और इसलिए इसे रद्द कर दिया गया। इस मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूएपीए या अन्य अपराधों के आरोप में गिरफ्तार किए गए किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार के बारे में लिखित रूप में सूचित किया जाना मौलिक और वैधानिक अधिकार है। किसी को भी ऐसे ही नहीं उठा सकते। सुप्रीम कोर्ट के इन दोनों आदेशों से स्पष्ट है कि पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां आंख बंद करके कोई कार्रवाई नहीं कर सकेंगी। न्यूज क्लिक के फाउंडर की गिरफ्तारी के अवैध करार देने से यह भी साफ हो गया है कि सरकार विरोधी खबरें लिखने–दिखाने पर राजनीतिक दल सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल दुर्भावनावश नहीं कर

# आज का राशिफल

मेष राशि आज आपके लिए दिन पॉजीटिव रहने वाला है। आज आपका पारिवारिक मामला किसी बड़े बुजुर्ग की सहायता से सुलझ जायेगा, परिवार में फिर से खुशियाँ आ जाएगी। आज अपनी दिनचर्या के कार्यों के अतिरिक्त कुछ और जानकारियां हासिल करने में भी समय बीतेगा। किसी सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति और विचार सराहनीय रहेंगे।

वृष राशिरू आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे। आज व्यवसाय में अधिक मुनाफा होने की स्थिति बन रही है। आज कोई भी निर्णय लेने से पहले परिवार वालों की राय जरुर लें। आज किसी प्रोजेक्ट को लेकर कोई ऑफिशियल यात्रा संभव है।

मिथुन राशिरू आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। आज ऑफिस में आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे आपको सफलता मिलेगी। आज कुछ खास लोगों से मुलाकात का अवसर मिलेगा और रुका काम भी व्यवस्थित होगा। आज घर परिवार संबंधी समस्याओं को सुलझाने में सफल रहेंगे। अगर आपका कहीं पैसा रुका हुआ है तो आज उसकी वसूली करने का भी उचित दिन है।

कर्क राशिरू आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज दिन भर सकारात्मक और अनुशासित दृष्टिकोण आपको खुश रखेगा। स्वयं की सूझबूझ से लिए गए

सिंह राशिरू आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बिजनेस के लिए आज दिन शानदार रहने वाला है। अगर आप रियल स्टेट का काम करते है तो आज कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। ऑफिस के कार्यभार की अधिकता की वजह से ओवर टाइम भी करना पड़ सकता है। घर का वातावरण मधुर और खुशनुमा बना रहेगा।

कन्या राशिरू आज आपका दिन बढिया रहेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है, जिनके खातिरदारी में आप व्यस्त रहेंगे। कविता लिखने के शौकीन लोगों को आगे बढने का प्लेटफार्म किसी दोस्त की मदद से मिलेगा।

तुला राशिरू आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज कोई अच्छी खबर आपको मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे उनके मन की बातों को समझेंगे। काफी समय से आपके रिश्ते की बात चल रही थी वो जल्द पक्की होगी। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं।

वृश्चिक राशिरू आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपसे कोई मित्र आर्थिक मदद मांग सकता है। नये प्रॉजेक्ट को पूरा करने में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। अनचाहे भय से मुक्ति मिलेगी। आज आपको पिछले कुछ समय से अपने करियर और निजी जीवन संबंधी किए गए प्रयासों का फल मिलने का समय है।

धनु राशिरू आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में अपनापन बढ़ेगा। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। बच्चों के साथ आपसी लगाव बढ़ेगा। शिक्षकों के ट्रांसफर की परेशानियां खत्म होंगी। आप जहाँ चाहते हैं ट्रान्सफर वहीँ होगा।

मकर राशिरू आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। खान–पान में लापरवाही स्वास्थ के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। कानूनी कार्यों के लिए भागदौड़ से थकावट का एहसास होगा। दांपत्य जीवन में आज एक दूसरे को समझकर चलना होगा। इससे गलत फेहमियाँ नहीं होंगी। कारोबार में सुखद बदलाव आएगा।

कुंभ राशिरू आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज के दिन आप किसी नई रचना की शुरुआत भी कर सकते हैं। आज सहकर्मियों की सहायता से आप बड़े से बड़े प्रोजेक्ट को आसानी से निपटा सकते हैं।

मीन राशिरू आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज आपके स्वास्थ में बेहतरी बनी रहेगी। आज सोंची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जमीन जायदाद से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी। लवमेट आज शॉपिंग करने जायेंगे, जहां किसी सामान पर अच्छा डिस्काउंट मिलेगा। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। किसी बड़ी कंपनी के साथ आपकी डील फिक्स होने की सम्भावना है।

# पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के 13 लोगों की मौत



रेस्क्यू–1122 के मुताबिक, यह मिनी ट्रक खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले से पंजाब के खुशाब जिले की ओर आ रहा था, तभी यह हादसा हुआ। लाहौर से करीब 250 किलोमीटर दूर खुशाब के पेंच पीर इलाके में एक मोड़ पर मिनी ट्रक सड़क से फिसलकर गड्ढे में गिर गया।लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शनिवार को एक मिनी ट्रक के सड़क से फिसलकर गड्ढे में गिर जाने से उसमें सवार पांच बच्चों सहित एक ही परिवार के कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। बचाव अभियान में जुटे अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेस्क्यू–1122 के मुताबिक, यह मिनी ट्रक खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले से पंजाब के खुशाब जिले की ओर आ रहा था, तभी यह हादसा हुआ। लाहौर से करीब 250 किलोमीटर दूर खुशाब के पेंच पीर इलाके में एक मोड़ पर मिनी ट्रक सड़क से फिसलकर गड्ढे में गिर गया। एक अधिकारी ने बताया, "पांच बच्चों समेत 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। नौ घायलों को अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।" कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज गति के कारण मिनी ट्रक के चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिस कारण यह हादसा हुआ। पंजाब की मुख्यमंत्री मरयम नवाज ने दुर्घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और अधिकारियों को घायलों को बेहतर उपचार सुविधाएं प्रदान करने का निर्देश दिया।

# अफगानिस्तान में भारी बारिश के चलते बाढ़ में कम से कम 50 लोगों की मौत



अफगानिस्तान के गोर प्रांत में भारी बारिश के कारण कई जगह पर अचानक बाढ़ आने से कम से कम 50 लोगों की मौत हुई है। तालिबान के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि मृतकों की संख्या प्रारंभिक सूचनाओं पर आधारित है और यह बढ़ सकती है।इस्लामाबाद। अफगानिस्तान के गोर प्रांत में भारी बारिश के कारण कई जगह पर अचानक बाढ़ आने से कम से कम 50 लोगों की मौत हुई है। तालिबान के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि मृतकों की संख्या प्रारंभिक सूचनाओं पर आधारित है और यह बढ़ सकती है। गोर प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद हमास ने कहा कि दर्जनों लोग लापता हैं।उन्होंने यह भी कहा कि शुक्रवार की बाढ़ के बाद राजधानी फिरोज कोह समेत विभिन्न क्षेत्रों में हजारों मकानों व संपत्तियों के क्षतिग्रस्त होने और सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि के नष्ट होने से प्रांत को काफी वित्तीय नुकसान हुआ है। पिछले हफ्ते, संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने कहा था कि अफगानिस्तान में असामान्य रूप से हुई भारी मौसमी बारिश के कारण 300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों मकान नष्ट हुए हैं।

# पाकिस्तान में क्यों जलाए जा रहे हिंदुओं के घर ? शहबाज चुटकुले सुनने में मस्त

पाकिस्तानी संसद ने जो बात कही उसमें 100 फीसदी की सच्चाई है। कई साल पहले पाकिस्तान से जान बचाकर भारत आयी हिंदू लड़की भावना ने अपने दर्द को बयां करते हुए कहा था कि वहां बहुत परेशानी है लड़कियां पढ़ नहीं पाती हैं, अपनी मर्जी से घर से बाहर नहीं निकल पाती हैं। कभी तीर्थ पर जाते हैं तो लड़कियां वहां ज्यादा पढ़ी–लिखी नहीं होती है और अगर वह भटक गई तो मुसलमान उन्हें उठा लेते हैं और फिर धर्म परिवर्तन करवा लेते हैं। पाकिस्तान से वायरल हुए एक वीडियो ने देश दुनिया को हैरान कर दिया है। इस वीडियो में पाकिस्तान में कई घर जलते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह घर हिंदुओं का है। वैसे तो इन्हें घर कहना भी गलत है, झोपड़ी कहे तो ज्यादा बेहतर है जिसमें से आग की लपटें नजर आ रही है। पाकिस्तान में हिंदू किस तरह से रहते हैं यह झोपड़ी इस बात का सबूत है। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में 10 हिंदुओं के घर जल कर खाक हो गए। एक तरफ हिंदुओं के घर में आग लगी थी तो दूसरी तरफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ चुटकुले सुन रहे थे, हंस रहे थे और बात बात पर तालियां बजा रहे थे। लाचार हिंदू अपने घरों को जलते हुए देख रहे थे लेकिन कुछ कर नहीं सके। जिस वक्त सिंध में आग लगी हुई थी ठीक उसी वक्त पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ इस्लामाबाद में चुटकुले सुनने में व्यस्त थे। पाकिस्तान में रहने वाले हिंदुओं की आंखों में गम था तो शाहबाज के चेहरे पर हंसी थी। पाकिस्तान में हिंदुओं के साथ कितना भेदभाव होता है। उन पर कितना अत्याचार



होता है यह बात दुनिया को मालूम है। आंखें हिंदुओं के साथ ना तो सरकार है न ही पाकिस्तान की आवाम। पाकिस्तान में हिंदू बेटियों के अपहरण की खबरें अक्सर सामने आती रहती हैं। खुद पाकिस्तान के हिंदू सांसद संसद में खुलासा कर चुके हैं कि हिंदू बेटियों का अपहरण कर उनका जबरदस्ती धर्म परिवर्तन करवाया जाता है। पाकिस्तानी संसद ने जो बात कही उसमें 100 फीसदी की सच्चाई है। कई साल पहले पाकिस्तान से जान बचाकर भारत आयी हिंदू लड़की भावना ने अपने दर्द को बयां करते हुए कहा था कि वहां बहुत परेशानी है लड़कियां पढ़ नहीं पाती हैं, अपनी मर्जी से घर से बाहर नहीं निकल पाती हैं। कभी तीर्थ पर जाते हैं तो लड़कियां वहां ज्यादा पढ़ी–लिखी नहीं होती है और अगर वह भटक गई तो मुसलमान उन्हें उठा लेते हैं और फिर धर्म परिवर्तन करवा लेते हैं।

# किर्गिस्तान में 3 पाकिस्तानी छात्रों की लिचिंग पर भारत अलर्ट, एमईए ने भारतीयों को दी घर से बाहर न निकलने की सलाह

भारतीय दूतावास ने भी कहा कि वह छात्रों के संपर्क में है और एक हेल्पलाइन नंबर साझा किया है। किर्गिस्तान में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि हम अपने छात्रों के संपर्क में हैं। किर्गिस्तान के बिश्केक में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के खिलाफ भीड़ की हिंसा की खबरों के बीच, देश में भारतीय दूतावास ने शनिवार को एक सलाह जारी की, जिसमें मध्य एशियाई राष्ट्र में भारतीय छात्रों को घर के अंदर रहने और दूतावास अधिकारियों के संपर्क में रहने के लिए कहा गया। भारतीय दूतावास ने भी कहा कि वह छात्रों के संपर्क में है और एक हेल्पलाइन नंबर साझा किया है। किर्गिस्तान में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि हम अपने छात्रों के संपर्क में हैं। किर्गिस्तान में पाकिस्तान दूतावास ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कल शाम से बिश्केक में विदेशी छात्रों के खिलाफ भीड़ की हिंसा की कई घटनाएं हुई हैं, और शुक्रवार को स्थिति गर्म हो गई। मामला तब सामने आया जब 13 मई को किर्गिज छात्रों और मिस्र के मेडिकल छात्रों के बीच लड़ाई के वीडियो सामने आए। ष्कल शाम से बिश्केक में विदेशी छात्रों के खिलाफ भीड़ की हिंसा की कई घटनाएं हुई हैं। किर्गिज प्रेस के अनुसार, दूतावास ने कहा, श्शकिर्गिज छात्रों और मिस्र के मेडिकल छात्रों के बीच 13 मई को हुई लड़ाई के वीडियो ऑनलाइन साझा करने के कारण मामला कल गरमा गया। इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि स्थिति अब कथित तौर पर शांत है, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को इस बात पर जोर दिया कि वे बिश्केक में भारतीय छात्रों के कल्याण की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ष्बिश्केक में भारतीय छात्रों के कल्याण की निगरानी की जा रही है। पाकिस्तान ने छात्रों के लिए जारी की एडवाइजरी देश में इस्लामाबाद के दूतावास द्वारा पाकिस्तानी छात्रों के लिए एक समान सलाह जारी की गई है। इसमें कहा गया है, ष्बिश्केक में मेडिकल विश्वविद्यालयों के कुछ छात्रावासों और पाकिस्तानियों सहित अंतरराष्ट्रीय छात्रों के निजी आवासों पर हमला किया गया है। छात्रावासों में भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के छात्र रहते हैं।



# एकदूसरे के 'विस्तारवादी नीति' का समर्थन कर रहे हैं चीन और रूस के विदेश मंत्री

ताइवान के निवर्तमान विदेश मंत्री जोसेफ वू ने कहा है कि रूस और चीन एक–दूसरे को अपनी क्षेत्रीय पहुंच बढ़ाने में मदद कर रहे हैं और लोकतांत्रिक देशों को उन निरंकुश देशों के खिलाफ कदम उठाना चाहिए जो उनके अधिकारों और संप्रभुता को खतरे में डालते हैं। इस समय रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चीन की यात्रा पर हैं।ताइपे (ताइवान) । ताइवान के निवर्तमान विदेश मंत्री जोसेफ वू ने कहा है कि रूस और चीन एक–दूसरे को अपनी क्षेत्रीय पहुंच बढ़ाने में मदद कर रहे हैं और लोकतांत्रिक देशों को उन निरंकुश देशों के खिलाफ कदम उठाना चाहिए जो उनके अधिकारों और संप्रभुता को खतरे में डालते हैं। जोसेफ वू की यह टिप्पणी ऐसे समय आयी है जब रूस के यूक्रेन पर हमले के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चीन की यात्रा पर हैं। पुतिन और चीन के नेता शी चिनफिंग ने दोनों देशों के बीच असीमित' साझेदारी को भी दोहराया जो पश्चिमी देशों के साथ उनके बढ़ते तनाव के बीच गहरी हो रही है। वू ने यूरोप, दक्षिण चीन सागर और उससे आगे रूस और चीन की सैन्य आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए लोकतंत्रिक देशों से एकजुट होने का आह्वान किया। चीन ने ताइवान पर आक्रमण करने की धमकी दी है, जिसे वह अपना क्षेत्र होने का दावा करता है। उन्होंने कहा, पुतिन की बीजिंग यात्रा दो बड़े अधिनायकवादी देशों के एक–दूसरे का समर्थन करने, एक–दूसरे के साथ मिलकर काम करने, एक–दूसरे के विस्तारवाद का समर्थन करने का उदाहरण है। वू ने एक साक्षात्कार में पश्चिमी शक्तियों से रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन का समर्थन जारी रखने का आह्वान किया ताकि यह संदेश दिया जा सके कि लोकतंत्रिक देश एक दूसरे की रक्षा करेंगे। वू ने कहा, अगर अंत में यूक्रेन हार जाता है, तो मुझे लगता है कि चीन को प्रेरणा मिलेगी और वे हिंद–प्रशांत में अपनी शक्ति का विस्तार करने के लिए और भी महत्वाकांक्षी कदम उठा सकते हैं, और यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए विनाशकारी होगा।

# रेगिस्तान में मिली नीले नदी की पुरानी शाखा, हैरान हुए वैज्ञानिक भी



नदी के अस्तित्व से पता चलता है कि इसने पिरामिड निर्माण के लिए आवश्यक विशाल निर्माण सामग्री और श्रमिकों के परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई पिरामिडों में एक औपचारिक ऊंचा रास्ता था जो नदी के किनारे–किनारे चलता था, जो घाटी के मंदिरों तक जाता था जो बंदरगाह के रूप में काम करते थे।वैज्ञानिकों ने हाल ही में नील नदी की एक छिपी हुई शाखा का पता लगाया है। इससे ये पता चलता है कि प्राचीन मिस्रवासी मिस्र में 30 से अधिक पिरामिडों के निर्माण के लिए विशाल पत्थर के ब्लॉकों को एक जगह से दूसरी जगह लेकर गए थे। 40 मील लंबी नील नदी की एक शाखा जो कभी गीजा पिरामिड और अन्य परिसरों के आसपास से होकर बहा करती थी। ये नदी हजारों वर्षों तक रेगिस्तान और खेतों के नीचे छिपी रही थी। इसकी खोज की जानकारी हाल ही में श्कम्युनिकेशंस अर्थ एंड एनवायरनमेंटश जर्नल में प्रकाशित एक शोध पत्र में सामने आई। "प्राचीन मिस्र में रुचि रखने वाले लोग ये जानते हैं कि मिस्र के लोगों ने पिरामिड और घाटी के मंदिरों जैसे अपने विशाल स्मारकों को बनाने के लिए जलमार्ग का उपयोग किया होगा, लेकिन किसी को भी इसके स्थान, आकार, आकार या निकटता के बारे में निश्चित नहीं था। यह वास्तविक पिरामिड स्थल के लिए विशाल जलमार्ग है। ये कहना है टीम का नेतृत्व करने वाले उत्तरी कैरोलिना विलमिंगटन विश्वविद्यालय में पृथ्वी और महासागर विज्ञान के प्रोफेसर इमान घोनीम का। उन्होंने कहा कि हमारा शोध इतने बड़े पैमाने पर नील नदी की मुख्य प्राचीन शाखाओं में से एक का पहला नक्शा पेश करता है। इसे मिस्र के सबसे बड़े पिरामिड क्षेत्रों से जोड़ता है। टीम ने पिरामिडों से सटे नील घाटी में उपसतह संरचना और तलछट विज्ञान की जांच के लिए, भूभौतिकीय डेटा और गहरी मिट्टी की कोरिंग के साथ संयुक्त रडार उपग्रह इमेजरी को नियोजित किया। इस तकनीक ने उन्हें रेत की सतह में घुसने और दबी हुई नदियों और प्राचीन संरचनाओं सहित छिपी हुई विशेषताओं को देखने की अनुमति दी। उन्होंने एक महत्वपूर्ण विलुप्त नील शाखा के खंडों की पहचान की, जिसका नाम अहरामत शाखा है, जो पश्चिमी रेगिस्तान पठार की तलहटी में चल रही है, जहां अधिकांश पिरामिड स्थित हैं।अध्ययन में कहा गया है कि सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) इमेजरी और दक्षिण लिश्त और गीजा पठार क्षेत्र के बीच, नील बाढ़ के मैदान और उसके रेगिस्तानी किनारों के लिए रडार उच्च–रिजॉल्यूशन ऊंचाई डेटा, 31 पिरामिडों की सीमा से लगी एक प्रमुख प्राचीन नदी शाखा के खंडों के अस्तित्व का प्रमाण प्रदान करते हैं। पुराने साम्राज्य से दूसरे मध्यवर्ती काल (2686.1649 ईसा पूर्व) तक और 3–13 राजवंशों के बीच फैला हुआ है। टीम का सुझाव है कि अहरामत शाखा इन स्मारकों के निर्माण में महत्वपूर्ण थी, जो पिरामिड स्थलों तक श्रमिकों और निर्माण सामग्री के लिए एक सक्रिय परिवहन जलमार्ग के रूप में कार्य करती थी। लंबे समय से दबी हुई इस नदी की मौजूदगी इस बात की प्रशंसनीय व्याख्या प्रदान करती है कि 4,700 से 3,700 साल पहले नील घाटी में एक बंजर रेगिस्तानी पट्टी के साथ एक श्रृंखला में 31 पिरामिडों का निर्माण क्यों किया गया था। नदी के अस्तित्व से पता चलता है कि इसने पिरामिड निर्माण के लिए आवश्यक विशाल निर्माण सामग्री और श्रमिकों के परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई पिरामिडों में एक औपचारिक ऊंचा रास्ता था जो नदी के किनारे–किनारे चलता था, जो घाटी के मंदिरों तक जाता था जो बंदरगाह के रूप में काम करते थे।मेम्फिस विश्वविद्यालय के अध्ययन के सह–लेखक सुजैन ओनस्टाइन ने लिखा है कि ये भारी सामग्री, जिनमें से अधिकांश दक्षिण से थीं, जमीन पर परिवहन की तुलना में ष्नदी में तैरना बहुत आसान होताष। उन्होंने सुझाव दिया कि नदी का किनारा वह स्थान हो सकता है जहां फिरौन के अंतिम संस्कार दल को उनके शवों को पिरामिड के भीतर उनके अंतिम दफन स्थान पर ले जाने से पहले प्राप्त किया गया था। नदी यह भी संकेत दे सकती है कि पिरामिड अलग–अलग स्थानों पर क्यों बनाए गए थे। उन्होंने कहा कि समय के साथ पानी का मार्ग और इसकी मात्रा बदल गई, इसलिए चौथे राजवंश के राजाओं को 12वें राजवंश के राजाओं की तुलना में अलग विकल्प चुनना पड़ा। एक समय की शक्तिशाली नदी धीरे–धीरे रेत से ढक गई, संभवतः लगभग 4,200 साल पहले एक बड़े सूखे के दौरान शुरू हुई थी। यह खोज प्राचीन सभ्यताओं में भूगोल, जलवायु, पर्यावरण और मानव व्यवहार के बीच घनिष्ठ संबंध पर प्रकाश डालती है। यह इस बारे में भी नई अंतदृष्टि प्रदान करता है कि प्राचीन मिस्रवासी इन विशाल और स्थायी संरचनाओं को बनाने में कैसे कामयाब रहे।

# ताइवान की संसद में भयंकर हंगामा, सांसदों ने एक दूसरे पर क्यों जमकर चलाए लात–घूसे ?

17 मई को सांसद स्पीकर की सीट के चारों ओर जमा हो गए, कुछ मेजों पर कूद पड़े और सहकर्मियों को फर्श पर खींच लिया। तीखी बहस के दौरान सांसदों ने एक दूसरे को मुक्का मारा, लात मारी, धक्का दिया। अब घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति लाई चिंग–ते के विधायी बहुमत के बिना कार्यालय संभालने से कुछ ही दिन पहले, चौम्बर में सुधारों के विवाद में ताइवान के सांसदों ने शुक्रवार को संसद में जमकर हंगामा किया। कार्रवाई शुरू होने से पहले संसद के पटल पर कुछ सांसद विधान कक्ष के बाहर एक–दूसरे पर चिल्लाने लगे और धक्का देने लगे। 17 मई को सांसद स्पीकर की सीट के चारों ओर जमा हो गए, कुछ मेजों पर कूद पड़े और सहकर्मियों को फर्श पर खींच लिया। तीखी बहस के दौरान सांसदों ने एक दूसरे को मुक्का मारा, लात मारी, धक्का दिया। अब घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालाँकि जल्द ही शांति लौट आई, लेकिन दोपहर में और अधिक झड़पें हुईं। लाई ने जनवरी में चुनाव जीता। लेकिन उनकी प्रोग्रेसिव डेमोक्रेटिक पार्टी (डीपीपी) ने संसद में अपना बहुमत खो दिया। मुख्य विपक्षी दल कुओमितांग (केएमटी) के पास डीपीपी से अधिक सीटें हैं लेकिन अपने दम पर बहुमत बनाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं, इसलिए वह अपने आपसी विचारों को बढ़ावा देने के लिए छोटी ताइवान पीपुल्स पार्टी (टीपीपी) के साथ काम कर रही है। विपक्ष संसद को सरकार पर अधिक जांच अधिकार देना चाहता है, जिसमें संसद में गलत बयान देने वाले अधिकारियों को अपराधी बनाने का एक विवादास्पद प्रस्ताव भी शामिल है। डीपीपी का कहना है कि केएमटी और टीपीपी प्रथागत परामर्श प्रक्रिया के बिना प्रस्तावों को अनुचित तरीके से लागू करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे डीपीपी सत्ता का असंवैधानिक दुरुपयोग कहता है। दक्षिणी शहर चियायी का प्रतिनिधित्व करने वाले डीपीपी विधायक वांग मेई–हुई ने रॉयटर्स को बताया, ष्हम चर्चा करने में सक्षम होना चाहते हैं, न कि देश में केवल एक ही आवाज हो।



# अमेरिकी संसद की पूर्व अध्यक्ष नैंसी पैलोसी के पति पर हमले के दोषी को 30 साल की सजा

न्यायाधीश ने कहा कि उन्होंने डेविड को सजा सुनाते समय इस तथ्य को ध्यान में रखा कि उसने एक संघीय अधिकारी के घर में घुसकर हमला किया, जो देश के इतिहास में एक अभूतपूर्व कृत्य था।अमेरिकी संसद की तत्कालीन अध्यक्ष नैंसी पेलोसी के अपहरण का प्रयास करने और उनके पति पर हथौड़े से हमला करने के दोषी व्यक्ति को शुक्रवार को 30 साल की सजा सुनाई गई।



न्यायाधीश जैकलीन स्कॉट कॉर्ली ने 44 वर्षीय डेविड डेपेप को सजा सुनाई, जिसे जूरी सदस्यों ने पिछले नवंबर में एक संघीय अधिकारी के अपहरण के प्रयास और एक संघीय अधिकारी के परिवार के सदस्य पर हमले का दोषी पाया था। भियोजकों ने डेविड को 40 साल की सजा की मांग की थी। अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के दौरान डेविड शांत खड़ा दिखा। बचाव पक्ष के वकीलों ने न्यायाधीश से डेविड को 14 साल की सजा देने की अपील की थी क्योंकि उसका पूर्व में कोई आपराधिक इतिहास नहीं था। न्यायाधीश ने कहा कि उन्होंने डेविड को सजा सुनाते समय इस तथ्य को ध्यान में रखा कि उसने एक संघीय अधिकारी के घर में घुसकर हमला किया, जो देश के इतिहास में एक अभूतपूर्व कृत्य था।

# आफगानिस्तान में गोलीबारी में तीन विदेशी नागरिकों समेत चार लोगों की मौत



प्रवक्ता ने बताया कि बामियान प्रांत में हुई गोलीबारी की घटना को लेकर चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हालांकि किसी भी संगठन ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। मध्य अफगानिस्तान में शुक्रवार देर शाम कई बंदूकधारियों ने गोलीबारी की जिसमें तीन विदेशी नागरिकों समेत कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। तालिबान के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।प्रवक्ता ने बताया कि बामियान प्रांत में हुई गोलीबारी की घटना को लेकर चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हालांकि किसी भी संगठन ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। तालिबान के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी के अनुसार, हमले में चार विदेशी नागरिकों सहित सात अन्य लोग घायल हो गए।

# विराट कोहली ने दिए एमएस धोनी के संन्यास के संकेत, सुनहरे पलों को याद कर की माही की तारीफ



विराट कोहली ने कहा, फैंस के लिए माही भाई को भारत के किसी भी स्टेडियम में खेलते हुए देखना बड़ी बात है। मैं और वह दोबारा या शायद आखिरी बार खेल रहे हैं, आप कभी नहीं जानते। हमने भारत के लिए शानदार साझेदारी की, हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध थे, ये एक महान अवसर है। फैंस के लिए हमें एक साथ देखने के लिए। आईपीएल 2024 में आज रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के सामना चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। दोनों टीमों के बीच ये अहम मुकाबला एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु में शाम साढ़े 7 बजे से खेला जाएगा। इससे पहले त्ठ के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने एमएस धोनी की जमकर तारीफ की है। मैच से पहले जियो सिनेमा पर बातचीत के दौरान विराट कोहली ने कहा, फैंस के लिए माही भाई को भारत के किसी भी स्टेडियम में खेलते हुए देखना बड़ी बात है। मैं और वह दोबारा या शायद आखिरी बार खेल रहे हैं, आप कभी नहीं जानते। हमने भारत के लिए शानदार साझेदारी की, हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध थे, ये एक महान अवसर है। फैंस के लिए हमें एक साथ देखने के लिए। आईपीएल 2024 अंक तालिका में इस समय चेन्नई सुपर किंग्स 14 पॉइंट्स और .0.528 नेट रन रेट के साथ चौथे नंबर पर है। जबकि रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु .0.387 नेट रन रेट के साथ छठे नंबर पर मौजूद है। अगर ये मुकाबला चेन्नई जीती तो वह प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर जाएगी। जबकि रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु को क्वालीफाई करने के लिए ये मुकाबला बड़े अंतर से जीतना पड़ेगा। अगर बारिश के कारण ये मुकाबला रद्द होता है तो भी चेन्नई सुपर किंग्स प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करेगी। बता दें कि, आईपीएल नियम के तहत अगर मैच बारिश के कारण रद्द होता है तो दोनों टीमों को एक–एक अंक दिया जाता है। इस समय चेन्नई के पास भी 14 अंक है और त्ठ के पास भी। लेकिन चेन्नई के पास बेंगलुरु से ज्यादा नेट रन रेट है। जिस वजह से वह मैच रद्द होने पर आसानी से क्वालीफाई कर लेगी।

# अधिकांश भारतीय खिलाड़ी 25 मई को न्यूयार्क रवाना होंगे



भारतीय क्रिकेटर और सहयोगी स्टाफ टी20 विश्व कप के लिये 25 मई को न्यूयॉर्क रवाना होगा जबकि बाकी 26 मई को आईपीएल फाइनल के बाद जायेंगे। इससे पहले आईपीएल प्लेऑफ के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी टीमों के सदस्यों को 21 मई को रवाना होना था लेकिन बाद में योजना में बदलाव हुआ। अब वे 25 मई को रवाना होंगे।भारत के अधिकांश क्रिकेटर और सहयोगी स्टाफ टी20 विश्व कप के लिये 25 मई को न्यूयॉर्क रवाना होगा जबकि बाकी 26 मई को आईपीएल फाइनल के बाद जायेंगे। इससे पहले आईपीएल प्लेऑफ के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी टीमों के सदस्यों को 21 मई को रवाना होना था लेकिन बाद में योजना में बदलाव हुआ। अब वे 25 मई को रवाना होंगे।बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, ष्रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह , अक्षर पटेल और सहयोगी स्टाफ 25 मई को रवाना होगा।'' उन्होंने कहा ,'' पहले जत्थे को 21 मई को जाना था लेकिन भारतीय टीम एकमात्र अभ्यास मैच (एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ) खेल रही है तो खिलाड़ियों को घर पर कुछ अतिरिक्त समय मिल जायेगा।''आईपीएल फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी 27 मई को रवाना होंगे। भारत को पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से और नौ जून को पाकिस्तान से खेलना है। भारतीय टीम रू रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

# कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर दूसरा स्थान पक्का करने उतरेगी राजस्थान रायल्स



रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मैच में चोटी की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शीर्ष दो में जगह पक्की करने उतरेगी। सोलह अंक लेकर प्लेऑफ में जगह बना चुके रॉयल्स लगातार चार मैच हार चुके हैं।राजस्थान रॉयल्स चार मैचों के हार के सिलसिले को तोड़कर रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मैच में चोटी की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शीर्ष दो में जगह पक्की करने उतरेगी। सोलह अंक लेकर प्लेआफ में जगह बना चुके रॉयल्स लगातार चार मैच हार चुके हैं।पिछले दो मैचों में टीम 150 के पार भी नहीं पहुंच सकी और अब इंग्लैंड के स्टार सलामी बल्लेबाज के स्वदेश लौटने के बाद उसकी राह और कठिन हो गई है। ऐसे में यशस्वी जायसवाल, कप्तान संजू सैमसन और स्थानीय हीरो रियान पराग को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। प्लेआफ में शीर्ष दो में रहकर जाने से उनके पास फाइनल में पहुंचने के दो मौके रहेंगे। केकेआर के 19 अंक है और उसका शीर्ष पर रहना तय है।अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछला मैच बारिश में धुलने से उसे एक अंक मिला। केकेआर के हौसले बुलंद है लेकिन उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 11 मई को ईडन गार्डंस पर हुए मुकाबले के बाद से केकेआर ने बारिश की भेंट हुए इस मैच के अलावा कोई मुकाबला नहीं खेला है। अहमदाबाद जाकर एक दिन के अभ्यास के लिये कोलकाता लौटना और फिर आखिरी लीग मैच के लिये गुवाहाटी जाना थकाऊ रहा होगा और इससे उनकी लय पर असर पड़ सकता है।अब देखना यह होगा कि मेंटोर गौतम गंभीर की टीम इस लय को बरकरार रख पाती है या नहीं। उसके पास फॉर्म में चल रहा इंग्लैंड का सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट भी नहीं है जो पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिये स्वदेश लौट चुके हैं। केकेआर के दो सलामी बल्लेबाजों साल्ट और सुनील नारायण ने मिलकर इस सत्र में सात अध ्शितक और एक शतक समेत 182 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 897 रन बनाये हैं।साल्ट की जगह रहमानुल्लाह गुरबाज ले सकते हैं लेकिन मैदान पर उतरते ही साल्ट की तरह आक्रामक खेलने की उनसे उम्मीद नहीं की जा सकती। इस सत्र में उन्होंने एक भी मैच नहीं खेला है। केकेआर की बल्लेबाजी का दारोमदार कप्तान श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल पर होगा। मैच में बारिश का भी पूर्वानुमान लगाया जा रहा है।कोलकाता नाइट राइडर्स रूश्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन, मुजीब उर रहमान, गट एटिकिंसन, अल्लाह गजनफर, फिल साल्ट। राजस्थान रॉयल्सरू संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नांद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पावेल, टॉम कोहलर–केडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुश कोटियन।

कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर दूसरा स्थान पक्का करने उतरेगी राजस्थान रायल्स

रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मैच में चोटी की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शीर्ष दो में जगह पक्की करने उतरेगी। सोलह अंक लेकर प्लेऑफ में जगह बना चुके रॉयल्स लगातार चार मैच हार चुके हैं।राजस्थान रॉयल्स चार मैचों के हार के सिलसिले को तोड़कर रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मैच में चोटी की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शीर्ष दो में जगह पक्की करने उतरेगी। सोलह अंक लेकर प्लेआफ में जगह बना चुके रॉयल्स लगातार चार मैच हार चुके हैं। पिछले दो मैचों में टीम 150 के पार भी नहीं पहुंच सकी और अब इंग्लैंड के स्टार सलामी बल्लेबाज के स्वदेश लौटने के बाद उसकी राह और कठिन हो गई है। ऐसे में यशस्वी जायसवाल, कप्तान संजू सैमसन और स्थानीय ीरो रियान पराग को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। प्लेआफ में शीर्ष दो में रहकर जाने से उनके पास फाइनल में पहुंचने के दो मौके रहेंगे। केकेआर के 19 अंक है और उसका शीर्ष पर रहना तय है।अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछला मैच बारिश में धुलने से उसे एक अंक मिला। केकेआर के हौसले बुलंद है लेकिन उसे आत्ममुग्ध ता से बचना होगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 11 मई को ईडन गार्डंस पर हुए मुकाबले के बाद से केकेआर ने बारिश की भेंट हुए इस मैच के अलावा कोई मुकाबला नहीं खेला है। अहमदाबाद जाकर एक दिन के अभ्यास के लिये कोलकाता लौटना और फिर आखिरी लीग मैच के लिये गुवाहाटी जाना थकाऊ रहा होगा और इससे उनकी लय पर असर पड़ सकता है।अब देखना यह होगा कि मेंटोर गौतम गंभीर की टीम इस लय को बरकरार रख पाती है या नहीं। उसके पास फॉर्म में चल रहा इंग्लैंड का सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट भी नहीं है जो पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिये स्वदेश लौट चुके हैं। केकेआर के दो सलामी बल्लेबाजों साल्ट और सुनील नारायण ने मिलकर इस सत्र में सात अर्धशतक और एक शतक समेत 182 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 897 रन बनाये हैं।साल्ट की जगह रहमानुल्लाह गुरबाज ले सकते हैं लेकिन मैदान पर उतरते ही साल्ट की तरह आक्रामक खेलने की उनसे उम्मीद नहीं की जा सकती। इस सत्र में उन्होंने एक भी मैच नहीं खेला है। केकेआर की बल्लेबाजी का दारोमदार कप्तान श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल पर होगा। मैच में बारिश का भी पूर्वानुमान लगाया जा रहा है।टीमें कोलकाता नाइट राइडर्स रूश्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन, मुजीब उर रहमान, गट एटिकिंसन, अल्लाह गजनफर, फिल साल्ट।राजस्थान रॉयल्सरू संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नांद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पावेल, टॉम कोहलर–केडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुश कोटियन।

# इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम ने खेल का संतुलन बिगाड़ा–विराट कोहली

कप्तान रोहित शर्मा से सहमति जताते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम की आलोचना करते हुए कहा कि इससे खेल का संतुलन बिगड़ रहा है। आईपीएल के पिछले सत्र से पारी के बीच में स्थानापन्न खिलाड़ी को उतारने का नियम शुरू हुआ है जिस पर रोहित ने भी नाराजगी जताई थी। अब कोहली ने जियो सिनेमा से कहा ,'' मैं रोहित का समर्थन करता हूं

अधिकांश भारतीय खिलाड़ी 25 मई को न्यूयार्क रवाना होंगे



भारतीय क्रिकेटर और सहयोगी स्टाफ टी20 विश्व कप के लिये 25 मई को न्यूयॉर्क रवाना होगा जबकि बाकी 26 मई को आईपीएल फाइनल के बाद जायेंगे। इससे पहले आईपीएल प्लेऑफ के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी टीमों के सदस्यों को 21 मई को रवाना होना था लेकिन बाद में योजना में बदलाव हुआ। अब वे 25 मई को रवाना होंगे।भारत के अधिकांश क्रिकेटर और सहयोगी स्टाफ टी20 विश्व कप के लिये 25 मई को न्यूयॉर्क रवाना होगा जबकि बाकी 26 मई को आईपीएल फाइनल के बाद जायेंगे। इससे पहले आईपीएल प्लेऑफ के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी टीमों के सदस्यों को 21 मई को रवाना होना था लेकिन बाद में योजना में बदलाव हुआ। अब वे 25 मई को रवाना होंगे।बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, ष्रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह , अक्षर पटेल और सहयोगी स्टाफ 25 मई को रवाना होगा।'' उन्होंने कहा ,'' पहले जत्थे को 21 मई को जाना था लेकिन भारतीय टीम एकमात्र अभ्यास मैच (एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ) खेल रही है तो खिलाड़ियों को घर पर कुछ अतिरिक्त समय मिल जायेगा।''आईपीएल फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी 27 मई को रवाना होंगे। भारत को पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से और नौ जून को पाकिस्तान से खेलना है।भारतीय टीम रू रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

# जानें सनग्लासेस चुनने का सही तरीका, अलग–अलग चेहरे के हिसाब से चुनना चाहिए धूप के चश्मे



सनग्लासेज केवल फैशन के लिए ही नहीं बल्कि जरूरत के भी पहनने की सलाह दी जाती है. अगर फेस शेप के मुताबिक सही धूप के चश्मे को न चुना जाए, तो आपका लुक खराब होने के साथ ही आंखों की देखभाल भी नहीं हो पाती. अलग–अलग चेहरे के हिसाब से चुनना चाहिए सनग्लासेज.चौकोर चेहरे वाले लोगों को कैट–आई वाले फ्रेम, ओवल फ्रेम और राउंड फ्रेम वाले चश्मे को चुनना चाहिए. यह आपकी लुक को निखारने में मदद करेगा.हार्ट शेप वाले चेहरे के लिए क्लबमास्टर फरेम, राउंड फ्रेम और कैट–आई फ्रेम चुनना चाहिए. दिल के आकार के चेहरों के लिए धूप के चश्मे में कैट–आई फ्रेम शामिल हो सकते हैं, जो रेट्रो टच देते हैं और खूबसूरती को निखारते हैं.ओ–ब्लॉन्ग शेप वाले चेहरे के लिए रैपअराउंड स्टाइल वाले चश्मे बेहतरीन लग सकते हैं. इसके अलावा बटरफ्लाई शेप वाले फ्रेम्स भी एक बेहतर विकल्प है. गोल चेहरे के लिए ब्राउनलाइन फरेम, ज्योमेट्रिक फ्रेम, स्क्वायर फ्रेम वाले चश्मे बेहतर विकल्प हैं. चेहरे की मासूमित को बैलेंस करने के लिए गोल चेहरे वाले लोग इन अलग–अलग शेप वाले सन ग्लासेज को चुनें.छोटे चेहरे वाली महिलाओं के लिए रेक्टैंगुलर फ्रेम, गोल फ्रेम और ओवरसाइज्ड फ्रेम के सनग्लासेज बढिया विकल्प हो सकते हैं. छोटे चेहरे वाली महिलाओं को ऐसे फैशन ऑप्शन्स अपनाने चाहिए जो उनके फेस को निखारें. अंडाकार यानी ओवल शेप वाले चेहरे के लिए वेफेरर, एविएटर्स और कैट–आई वाले फ्रेम्स सूट करते हैं. इस तरह के चश्मे को पहनने से फेस शेप का बैलेंस बनाए रखने और स्टाइलिश दिखने में मदद मिलती है.

# इन घरेलू चीजों से करें एलईडी स्क्रीन की सफाई, साफ करते हुए न करें ये गलतियां

अपनी एलईडी स्क्रीन को साफ और चमकदार रखने के लिए आप कुछ आसान घरेलू चीजों का उपयोग कर सकते हैं. ये तरीके सबसे सेफ और आसान हैं.अपनी एलईडी स्क्रीन को साफ और चमकदार रखने के लिए आप कुछ आसान घरेलू चीजों का उपयोग कर सकते हैं. ये तरीके सबसे सेफ और आसान हैं.

माइक्रोफाइबर कपड़ा रू सबसे पहले, माइक्रोफाइबर कपड़ा लें. यह कपड़ा नाजुक स्क्रीन के लिए सबसे अच्छा होता है क्योंकि यह खरोंच नहीं करता. स्क्रीन पर जमी धूल को हल्के हाथों से पोंछ लें.

डिस्टिल्ड वाटर रू डिस्टिल्ड वाटर का इस्तेमाल करें. थोड़ा पानी एक स्प्रे बोतल में डालें और कपड़े पर हल्का सा स्प्रे करें. ध्यान रखें, कपड़ा बहुत गीला नहीं होना चाहिए. अब इस गीले कपड़े से स्क्रीन को हल्के हाथों से साफ करें.

कभी–कभी स्क्रीन के छोटे–छोटे कोनों में धूल जम जाती है. इसे हटाने के लिए सॉफ्ट ब्रश का इस्तेमाल करें. यह ब्रश धूल को अच्छी तरह से निकाल देगा,स्क्रीन साफ करते समय कभी भी हार्ड केमिकल का इस्तेमाल न करें. सूखे या खुरदुरे कपड़े से सफाई न करें, इससे स्क्रीन पर स्क्रैच आ सकते हैं. बहुत ज्यादा पानी का उपयोग भी न करें, पानी अंदर जा सकता है और डिवाइस को नुकसान पहुंचा सकता है.

# गर्मियों की तेज धूप से अपनी त्वचा की करे देखभाल, फालो करें ये 5 टिप्स



गर्मियों की धूप आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती है और त्वचा संबंधी कई समस्याएं पैदा कर सकती है। गर्मियों के दौरान अपनी त्वचा की सुरक्षा करना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि सूरज की हानिकारक किरणें सनबर्न, टैन, शुष्क त्वचा और यहां तक ध्घ्कि कैंसर जैसी बड़ी बीमारियों का कारण बन सकती हैं। मई के महीने में सूरज की तेज किरणों के साथ चिलचिलाती गर्मी और उमस होती है। तेज गर्मी न केवल आपको डिहाइड्रेट कर सकती है, बल्कि आपकी त्वचा को भी नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे समय से पहले बुढ़ापा, काले धब्बे और यहां तक ध्घ्कि कैंसर भी हो सकता है। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि आप इस गर्मी के मौसम में अपनी त्वचा का अत्यधिक ख्याल रखें। यहां दिए गए कुछ टिप्स, जो इस गर्मी में आपकी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखने में आपकी मदद करेंगे।गर्मियां आपकी त्वचा के लिए कठोर हो सकती हैं और इसका ख्याल रखना जरूरी है।

# केजीएफ के डायरेक्टर संग जूनियर एनटीआर की फिल्म का नाम ड्रैगन! मास स्टार के बर्थडे पर आएगा पोस्टर

जूनियर एनटीआर अपनी अपकमिंग एक्शन ड्रामा फिल्म देवरा पार्ट 1 से चर्चा में हैं. फिल्म देवरा पार्ट 1 का पहला गाना फियर एक्टर के बर्थडे से पहले रिलीज होने जा रहा है. एक्टर आगामी 20 मई को अपना 41वां बर्थडे सेलिब्रेट करेंगे. वहीं, जूनियर एनटीआर अपने फैंस को बर्थडे पर एक और तोहफा देने की तैयारी कर रहे हैं. बता दें, जूनियर एनटीआर और केजीएफ के डायरेक्टर प्रशांत नील साथ में जो फिल्म ला रहे हैं. अब इस फिल्म का नाम सामने आ गया है. जूनियर एनटीआर की फिल्म एनटीआर 31 साल 2022 में अनाउंस हुई थी, जिसका नाम अब ड्रैगन बताया जा रहा है.रिपोर्ट्स के मुताबिक, जूनियर एनटीआर और प्रशांत नील की अपकमिंग फिल्म का नाम ड्रैगन बताया जा रहा है. कहा जा रहा है कि एक्टर के बर्थडे पर प्री–लुक पोस्टर जारी हो सकता है. अगर फिल्म का नाम ड्रैगन कंफर्म हो जाता है तो यह एनटीआर के फैंस के लिए बड़ी थ्रिलर फिल्म होने जा रही है. बता दें, फिल्म प्री–प्रोडक्शन फेज में चल रही है. वहीं, जूनियर एनटीआर फिल्म देवरा पार्ट 1 को फिनिश करने में लगे हैं तो वहीं नील साउथ सुपरस्टार प्रभास के साथ फिल्म सालार का पार्ट 2 सालार पार्ट 2 शौर्यांग परवम में बिजी हैं.बता दें, 20 मई 2022 को प्रशांत नील और जूनियर एनटीआर ने फिल्म एनटीआर 31 का एलान किया था और एक तस्वीर भी शेयर की थी. इसमें जूनियर एनटीआर का मोनोक्रॉम लुक दिख रहा था और पोस्टर पर हैप्पी बर्थडे के साथ एनटीआर 31 लिखा हुआ था.फिलहाल, जूनियर एनटीआर डारेक्टर कोराताला का फिल्म देवरा पार्ट 1 की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, जो 10 अक्टूबर 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है. फिल्म में सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर भी अहम रोल में होंगे.



## राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत की हालत पस्त, 7वें दिन खाते में आए इतने करोड़ रुपये

राजकुमार राव, अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर जैसे दिग्गज सितारों से सजी फिल्म श्रीकांत को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा गया है।यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठीक–ठाक कमाई कर रही है, लेकिन दर्शकों के साथ निर्माताओं से इस फिल्म से ज्यादा उम्मीदें थीं।पिछले कुछ दिनों से इस फिल्म की दैनिक कमाई में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।आइए जानते हैं श्रीकांत ने सातवें दिन कितने करोड़ रुपये का कारोबार किया।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, श्रीकांत ने रिलीज के 7वे दिन यानी गुरुवार को 1.45 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 17.90 करोड़ रुपये हो गया है। राजकुमार ने फिल्म में दृष्टिहीन उद्योगपति श्रीकांत बोला का किरदार निभाया है, जिन्होंने दृष्टिबाधित होते हुए भी बिजनेस में सफलता की नई ऊंचाइयों को छुआ और अपनी दृष्टिहीनता को कभी अपने सपनों पर हावी नहीं होने दिया।फिल्म में उनकी अदाकारी की काफी प्रशंसा हो रही है।

राजकुमार जल्द ही फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में नजर आएंगे। इसमें उनकी जोड़ी जाह्नवी कपूर के के साथ बनी है। उनकी यह फिल्म 31 मई को रिलीज होने वाली है।इसके अलावा वह श्रद्धा कपूर के साथ फिल्म स्त्री 2 में मुख्य भूमिका निभाएंगे। फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो भी उनके खाते से जुड़ी है, जिसमें अभिनेत्री तृप्ति डिमरी उनकी जाड़ीदार बनी हैं। ड्रीम गर्ल 2 के निर्देशक राज शांडिल्य इसका निर्देशन कर रहे हैं।

# कार्तिक आर्यन ने चंदू चैंपियन का तीसरा पोस्टर किया शेयर, वार सीक्वेंस की दिखी झलक

कार्तिक आर्यन ने चंदू चौंपियन के दो पोस्टरों के बाद शुक्रवार को फिल्म से एक और नए पोस्टर को शेयर किया है। सोशल मीडिया पर उन्होंने ये भी खुलासा किया है कि फिल्म का ट्रेलर कब और कहां रिलीज होने वाला है। बॉलीवुड के लकी चार्म कार्तिक ने पोस्टर शेयर करते हुए बताया है कि ये उनके करियर का प्राउड मोमेंट हैं। वहीं अब लंबे समय के बाद चंदू चौंपियन के सबसे चर्चित सीन को लेकर अपडेट शेयर की है। एक्टर ने उनकी फिल्म के लिए जो 8 मिनट का सिंगल–टेक वॉर सीक्वेंस शूट किया है उस के बारे में एक शानदार खुलासा किया है।कार्तिक आर्यन ने चंदू चौंपियन फिल्म के 8 मिनट लंबे सिंगल–टेक वॉर सीक्वेंस की पहली झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। पोस्टर के साथ उन्होंने लिखा, मेरे अब तक के करियर का वो प्राउड मोमेंट जो मैं कभी नहीं भू ल सकता हूं। कार्तिक ने खुलासा किया है कि इस फिल्म के लिए उन्होंने 8 मिनट का सिंगल–टेक वॉर सीक्वेंस शूट किया है, जो उनके करियर का सबसे खास और यादगार शॉट बन गया है।इस हफ्ते की शुरुआत में कार्तिक आर्यन ने फिल्म के दो पोस्टर शेयर किए। इनमें से एक पोस्टर में उन्हें अपनी रिप्ड बॉडी और टोन्ड एब्स दिखाते हुए देखा जा सकता है। पोस्टर में उन्हें बॉक्सिंग रिंग के अंदर बॉक्सिंग ग्लव्स और ब्लैक शॉर्ट्स पहने हुए देखा जा सकता है। वहीं पहले पोस्टर की बात करें तो उसमें कार्तिक पूरी ताकत के साथ दौड़ते नजर आए। अब सिंगल–टेक वॉर सीक्वेंस की पहली झलक ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है। 8 मिनट तक इस सिंगल–टेक वॉर सीक्वेंस को बिना किसी रिटेक के पूरा किया गया है।चंदू चौंपियन और



भूल भुलैया 3 की रिलीज के कारण कार्तिक आर्यन भी चर्चा में बने हुए हैं। वर्कफ्रंट की बात करे तो वह इन दिनों अपनी प्रोफेशनल में काफी ज्यादा बिजी हैं। बता दें कि फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी और विद्या बालन के अलावा माधुरी दीक्षित भी नजर आ सकती हैं।

# रोहित सराफ की फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड को मिली नई रिलीज तारीख, नया पोस्टर भी जारी

रोहित सराफ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड को लेकर चर्चा में हैं।इस फिल्म में जिबरान खान, पश्मीना रोशन और नैना ग्रेवाल जैसे सितारे भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। निपुण अधिकारी ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।अब रोहित ने इश्क विश्क रिबाउंड के एक साथ 5 पोस्टर जारी किए हैं, जिन्हें सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है।इसके साथ रोहित ने फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान कर दिया है।

फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड पहले 28 जून, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। अब इस फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है।इस फिल्म के लिए आपको ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा। यह फिल्म अब 21 जून, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करेगी।इश्क विश्क रिबाउंड के बाद रोहित फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएंगे, जिसमें वह वरुण धवन और जाह्ववी कपूर के साथ अभिनत करते नजर आएंगे।



यह फिल्म 2003 की मशहूर फिल्म इश्क विश्क का सीक्वल है, जिसमें शाहिद कपूर के साथ अमृता राव, विशाल मल्होत्रा और शेनाज ट्रेजरीवाला ने अभिनय किया था। निर्माताओं के अनुसार, फिल्म को समकालीन समयरेखा में फिट करने के लिए रीबूट किया गया है और यह सहस्राब्दी और जेन–जेड पीढ़ी के बीच संबंधों पर एक आधुनिक और भरोसेमंद दृष्टिकोण पेश करती है।इश्क विश्क रिबाउंड का निर्माण रमेश तौरानी द्वारा किया गया है और टिप्स फिल्म्स लिमिटेड के बैनर तले जया तौरानी द्वारा सह–निर्माता है। रोहित को आलिया भट्ट की फिल्म डियर जिंदगी और वेब सीरीज मिसमैच्ड में उनके अभिनय के लिए जाना जाता है, दूसरी ओर, पश्मीना अभिनेता ऋतिक रोशन की चचेरी बहन हैं जबकि जिबरान खान करण जौहर की ड्रामा फिल्म कभी खुशी कभी गम में एक बाल कलाकार थे।

# हंसल मेहता ने आगामी सीरीज स्कैम 2010–द सुब्रत राय का किया ऐलान, सोनी लिव पर जल्द होगा प्रसारण

मशहूर डायरेक्टर और फिल्म मेकर हंसल मेहता अपनी नई स्कैम सीरीज स्कैम 2010रू द सुब्रत रॉय सागा के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। डायरेक्टर ने पहले अपनी सीरीज स्कैम 1992 और स्कैम 2003 के लिए काफी प्रसिद्धि हासिल की है, और उनकी स्कैम सीरीज की सूची में यह नए जुड़ाव आशाजनक लग रहा है।हंसल मेहता ने ट्विटर पर एक टीजर वीडियो के साथ नई स्कैम सीरीज की घोषणा की और लिखा, सीरीज का तीसरा भाग वापस आ गया है! स्कैम 2010रू द सुब्रत रॉय सागा, जल्द ही सोनी लिव पर आ रहा है।फिल्म स्कैम 2010, मनमौजी व्यवसायी सुब्रत रॉय की धूल से हीरे बनने की कहानी है। 2000 के दशक की शुरुआत में, ग्लैमरस



रॉय चिट–फंड हेरफेर से लेकर फर्जी निवेशकों तक के आरोपों के बवंडर में फंस गए, जिसके कारण अंततरू 2014 में उनकी गिरफ्तारी हुई। 25,000 करोड़ रुपये अभी भी सरकारी अधिकारियों के पास लावारिस पड़े हैं, घोटाले के दुष्परिणाम आज भी सुनाई दे रहे हैं।हंसल मेहता ने नई सीरीज के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया और कहा, स्कैम मेरे लिए सिर्फ एक फ्रेंचाइजी नहीं है। यह हमारे समय का इतिहास है। मैं जीवन से भी बड़ी कहानी को जीवंत करने के लिए अप्लॉज और सोनी लिव के साथ फिर से सहयोग करने के लिए रोमांचित हूं।स्कैम 1992रू द हर्षद मेहता स्टोरी और स्कैम 2003रू द टेल्गी स्टोरी की सफलता पर आधारित, नवीनतम किस्त भारत के सबसे चर्चित वित्तीय घोटालों में से एक दृ स्कैम 2010 दृ द सुब्रत रॉय सागा की गहराई में उतरेगी। तमल बंद्योपाध्याय की पुस्तक दृ सहारारू द अनटोल्ड स्टोरी पर आधारित, श्रृंखला का निर्माण स्टूडियो नेक्स्ट के सहयोग से अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा किया जाएगा और हंसल मेहता द्वारा निर्देशित किया जाएगा।हर्षद मेहता के शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल और गिरावट के मनोरंजक चित्रण से लेकर अब्दुल करीम तेलगी के नकली साम्राज्य के ज्वलंत चित्रण तक, स्कैम फ्रेंचाइजी भारत में वित्तीय धोखाधड़ी की कुख्यात कहानियों पर प्रकाश डालती है।

# ब्रिजर्टन के तीसरे भाग में शामिल हुईं बनिता संधू

वेब सीरीज ब्रिजर्टन के पिछले दोनों सीजन को दर्शकों का काफी प्यार मिला है।प्रशंसक पिछले लंबे वक्त से इसके तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे हैं, जो अब खत्म हो चुका है।दरअसल, ब्रिजर्टन 3 के पहले भाग का प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर हो रहा है।ब्रिजर्टन 3 की कहानी और तमाम सितारों की अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है, वहीं अभिनेत्री बनिता संधू ने इस सीरीज में मिस मल्होत्रा बन सबका दिल जीत लिया है।

बनिता की अदाकारी की हर शख्स तारीफ कर रहा है। वह इस सीरीज के दूसरे भाग में भी नजर आएंगी, जो 13 जून, 2024 को रिलीज होगा।बनिता एक ब्रिटिश–भारतीय अभिनेत्री हैं। उन्होंने वरुण धवन की फिल्म अक्टूबर के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई।इन दिनों बनिता अदिवी शेष की पैन इंडिया फिल्म गुडाचारी 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म की रिलीज तारीक फिलहाल सामने नहीं आई है।

ब्रिजर्टन सीजन 3 में बनिता संधू एक राजकुमारी के किरदार में नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस इस शो के रीजेंसी एरा में शामिल हो गई हैं. भारतीय और विदेशी दोनों सिनेमा में काम करने वाले बनिता संधू ने ब्रिजर्टन सीजन 3 में कमाल का अभिनय किया है. जूलिया क्विन की किताब पर आधारित इस नेटफ्लिक्स सीरीज में बनिता ने मिस मल्होत्रा की भूमिका निभाई है. शो में उनके किरदार का परिचय होते ही नेटिजन्स ने रिएक्शन देना शुरू कर दिया है. भारतीय फैंस बनिता को इस सीरीज में देख थोड़ा हैरान रह गए थे. ब्रिजर्टन फिलहाल नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग कर रही है.

बनिता संधू एक ब्रिटिश–भारतीय मॉडल और अभिनेत्री हैं जो हिंदी भाषा की फिल्मों और टेलीविजन विज्ञापनों में काम करती हैं। यूनाइटेड किंगडम में जन्मी संधू ने यूनाइटेड किंगडम में एक मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू किया। वह भारत में विभिन्न टेलीविजन विज्ञापनों में भी दिखाई दी हैं।

# जाह्नवी कपूर ने ब्लू और रेड प्रिंट शेड में साड़ी पहने सोशल मीडिया का पारा किया हाई

बी–टाउन की खूबसूरत हसीना जाह्नवी कपूर हमेशा अपने बोल्ड फैशन स्टेटमेंट्स के कारण चर्चाओं में रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तबाही मचाने लगता है। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं,जिसमें वो काफी स्टनिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, जाह्नवी कपूर की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का ट्रेलर लॉन्च हुआ है। इस दौरान उन्होंने बेहद ही खूबसूरत साड़ी पहने हुए इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है।एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर हमेशा अपने बोल्ड ड्रेसिंग सेंस और ग्लैमरस लुक्स के चलते सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया आते ही छा जाता है।अब हाल ही में जाह्नवी कपूर ने अपने लेटेस्ट फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में बेहद शानदार साड़ी पहनी थी, जिसमें उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए थे।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने रेड और ब्लू प्रिंट कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो अपना पल्लू लहराते हुए एक से बढकर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई कैमरे के सामने फोटोशूट करवा रही हैं।बता दें एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी–अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।हालांकि इन तस्वीरों में भी यूजर्स ने कॉमेंट्स करते हुए रिएक्शंस शेयर किए हैं। एक यूजर ने लिखा है सो स्वीट। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है– सो हॉट एंड ग्लैमरस। फिर तीसरे यूजर ने लिखा है– सो सेक्सी।जाह्नवी कपूर की इन फोटोज को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 5 लाख से भी ज्यादा यूर्स ने फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स की बौछार कर दी है।बता दें एथनिक हो या वेस्टर्न जाह्नवी कपूर अपने हर लुक में कहर बरसाती हैं।



# बड़े पर्दे पर धमाका मचाने के बाद ओटीटी पर लौटी कामेडी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस, प्राइम वीडियो पर शुरू हुआ प्रीमियर!

मडगांव एक्सप्रेस से कुणाल खेमू ने बतौर निर्देशक बड़े पर्दे पर कदम रखा है। कम बजट में बनी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक–ठाक कमाई की थी। अगर आपने बाय चांस सिनेमाघर में इस फिल्म को मिस कर दी है तो कोई फिक्र करने की जरूरत नहीं है क्योंकि सिनेमाघरों के बाद फिल्म ओटीटी पर आ गई है।

मडगांव एक्सप्रेस दो महीने के बाद सिनेमाघरों से उतरकर ओटीटी पर रिलीज की गई है। कॉमेडी से भरी फिल्म में मिर्जापुर के मुन्ना भैया उर्फ दिव्येंदु, अविनाश तिवारी और प्रतीक गाधी ने अपने अभिनय से दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान ला दी थी। कुणाल खेमू के निर्देशन की भी कम तारीफ नहीं हुई।

22 मार्च को थिएटर्स में रिलीज हुई मडगांव एक्सप्रेस करीब दो महीने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है। यह मूवी ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। प्राइम वीडियो के इंस्टाग्राम हैंडल से जानकारी साझा की गई है। पोस्टर के साथ लिखा गया है, आखिरकार गोवा ट्रिप ने जीसी को छोड़ दिया है।मडगांव एक्सप्रेस के ओटीटी पर आते ही फैंस खुशी से गदगद हो गये हैं। एक यूजर ने कहा, इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। एक और ने कहा, फुल एंटरटेनमेंट से भरी फिल्म। जरूर देखनी चाहिए। एक और यूजर ने लिखा, फिर से दोबारा ओटीटी पर देखने जा रही है। बहुत खूबसूरत फिल्म है। एक ने कहा, सबसे क्रेजी ट्रिप। लोग फिल्म को ओटीटी पर उतरने से बहुत खुश हैं।एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस की कहानी तीन दोस्तों की है, जो गोवा ट्रिप पर जाने की प्लानिंग करते हैं। खुशी–खुशी गोवा ट्रिप पर निकले तीन दोस्तों की जर्नी बीच में एक बड़ा टर्न लेती है जो तीनों की लाइफ बदल देती है। फिल्म 50 दिन तक बड़े पर्दे पर टिकी रही।

रिपोर्ट के मुताबिक, मूवी ने कुल 48 करोड़ का कारोबार किया है।



# फूलपुर में क्यों इंडिया गठबंधन को है जीत की उम्मीद ?

प्रयागराज (आरएनएस)। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की लोकसभा सीट फूलपुर से कई सांसद हुए। आम चुनाव 2024 में फूलपुर लोकसभा में मतदान 25 मई को होगा। सभी पार्टियों के प्रत्याशी जनता से लगातार संपर्क कर रहे हैं। फूलपुर से बीजेपी से प्रत्याशी फूलपुर से विधायक प्रवीण पटेल हैं तो इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी अमरनाथ मौर्या हैं। बहुजन समाज पार्टी ने अपना प्रत्याशी जगन्नाथ पाल को बनाया है। फूलपुर लोकसभा से समाजवादी पार्टी से कई बार सांसद हो चुके हैं। बसपा से एक बार कपिल मुनि करवरिया सांसद बने, 2014 में केशव प्रसाद मौर्या ने बीजेपी का किआमाल खिलाया था। 2018 में हुए उप चुनाव में बीजेपी से कौशलेन्द्र प्रताप सिंह चुनाव हार गए थे और सपा प्रत्याशी नागेंद्र पटेल सांसद बने। लेकिन 2019 आम लोकसभा चुनाव में सपा ने अपने सांसद का टिकट काट कर पंधारी यादव को टिकट दिया। बीजेपी से केसरी देवी पटेल ने पंधारी यादव को एक लाख इकहत्तर हजार वोट से हराया था।2022 विधानसभा चुनाव में पांचो विधानसभा से सपा के प्रत्याशियों और बीजेपी प्रत्याशियों को मिले वोट के बीच अंतर केवल 98000 था।2024 के इस चुनाव में नजारा एक दम से बदला हुआ है। सपा ने अमरनाथ मौर्या को टिकट दिया है और बसपा ने जगन्नाथ पाल को। फूलपुर के पांचो विधानसभा में टहलने पर पता चला कि पाल समाज बसपा को और मौर्या समाज सपा को वोट कर रहा है। जो पहले 2019 में पूरा बीजेपी को वोटिंग किया था, पिछले लोकसभा चुनाव में रमजान का महीना चल रहा था और अल्पसंख्यक समाज की वोटिंग भी कम हुई थी। दूसरी तरफ 2019 के लोकसभा चुनाव में पासवान समाज बीजेपी को वोट दिया था लेकिन २०२२ से सीन बदल गया है और पासवान समाज बीजेपी से दूर होकर सपा को वोट कर रहा है।

उपर्युक्त बातें बीजेपी के पक्ष में न होने की वजह से इंडिया गठबंधन को लगता है फूलपुर लोकसभा में जीत हो सकती है। हालाँकि बीजेपी के नेता लगातार प्रयास कर रहे हैं लेकिन कड़ी धुप और शहर में ही सैम,पार्क करने से गावं में प्रभाव नहीं छोड़ पा रहे हैं। आगामी दिनों देखा जायेगा क्या होता है लेकिन अभी सूरत ए हाल यह है कि फूलपुर से इंडिया गठबंधन मजबूत दिखाई दे रहा है।

# 11 लोगों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

चित्रकूट(आरएनएस)। थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पांडेय ने बताया कि भय फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले नान मिश्रा उर्फ नानबाबू पुत्र रामानुज, राजा मिश्रा उर्फ मार्कण्डेय पुत्र गिरजा शंकर मिश्रा निवासीगण कौबरा, शिवदत्त द्विवेदी पुत्र नत्थू द्विवेदी निवासी रामनगर, दिन्नू उर्फ दीनदयाल पुत्र पुजारी पटेल निवासी गौहर खास व प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि रमेश यादव पुत्र सुखनन्दन यादव निवासी ओरा, संतू उर्फ श्यामलाल पुत्र रामकिशोर, जुगुल किशोर पुत्र वंशगोपाल, रामलखन पुत्र जुगुल किशोर निवासीगण सड़का पुरवा मजरा चौरा, संजय कुमार उर्फ रिंकू पुत्र प्रेमचन्द्र निवासी सिकरीसानी एवं थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह ने बताया कि दीपक पटेल पुत्र राजकरन पटेल निवासी रुकमाखुर्द के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्यवाही की गई है।

# 16 सौ रुपये अर्थदण्ड की सजा

चित्रकूट(आरएनएस)। सहायक अभियोजन अधिकारी पीयूष कुमार ने बताया कि सिविल जज (जू.डी.) शैफाली यादव ने कोतवाली कर्वी में पंजीकृत धारा 279, 337, 338 भादवि के आरोपी जुबैर पुत्र जमील अहमद निवासी उतारखाना पुरानी बाजार को 16 सौ रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# 10 साइबर पीड़ितों के खातों में वापस कराए 4 लाख 77 हजार 411 रुपये

चित्रकूट(आरएनएस)। मौजूदा दौर में बढ़ते साइबर अपराध को रोकने व आमजन को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय राज कमल के पर्यवेक्षण में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक निशिकान्त राय ने टीम के साथ सार्थक प्रयास करते हुये क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़वाने के नाम पर साइबर धोखाधड़ी के पीड़ित सहित 10 साइबर पीड़ितों के 4 लाख 77 हजार 411 रुपये खातों में वापस कराये हैं। साइबर सेल टीम में आरक्षी सर्वेश कुमार, प्रशांत कुमार का सराहनीय सहयोग रहा। बताया गया कि किसी भी प्रकार का साइबर फ्राड होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। इसके अलावा बेबसाइट पर कम्पलेंट रजिस्टर या अपनें थाना के साइबर सेल को तत्काल सूचना दें।

# पक्के निर्माण की बाट जोह रहा तरौंहा–डिलौरा मार्ग

चित्रकूट(आरएनएस)। कर्वी से चित्रकूट जाने वाले अतिप्राचीन मार्ग तरौंहा–डिलौरा जो उपेक्षा का शिकार है। यह मार्ग उप्र से मप्र को जोड़कर रामघाट पर निकलता है। मप्र की सीमा में यह रास्ता पूरा पक्का बना हुआ है। जबकि उप्र क्षेत्र के तरौंहा और त्रिगोडी नाला के पूर्व तक ऊबड़ खाबड़ कच्चा मार्ग है। जिसे पक्का बनवाए जाने के लिए कई बार समाजसेवियों व अधिवक्ताओं ने मांग किया, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के चलते आज भी इस मार्ग से बरसात के दिनो में निकलना दूभर हो जाता है।

चित्रकूट के वरिष्ठ अधिवक्ता राजाभइया, कमलेश कुमार, ननकूराम, पुरुषोत्तम यादव, शिवपूजन यादव, राम सिंह, छविलाल, सागर, अंकित, विवेक शुक्ला आदि ने सीएम को भेजे पत्र में अवगत कराया कि चित्रकूट पहुंचने के लिए सबसे पुराना तरौंहा–डिलौरा मार्ग है जो मौजूदा समय में बेहद जर्जर है। प्रशासन की उपेक्षा का शिकार है। कर्वी से कुछ हद तक मार्ग को पक्का बनाया गया। ग्राम डिलौरा से लेकर त्रिगोड़ी नाला तक कच्चा मार्ग होने से आवागमन में भयंकर कठिनाईयों का सामना लोगों को करना पड़ता है। जबकि त्रिगोड़ी नाला पक्का बना है, लेकिन मार्ग कच्चा छोड़ दिया गया। बताया कि रामघाट तक जाने के लिए यह मार्ग कम दूरी वाला है, लेकिन कच्चा होने से लोग इस रास्ते से गुजरना नहीं चाहते। मांग किया कि मार्ग को अविलम्ब पक्का बनाया जाए।

# बुखार व पेटदर्द से महिला की मौत, 12 मरीज भर्ती

चित्रकूट(आरएनएस)। जिला चिकित्सालय में शुक्रवार की रात बुखार व पेटदर्द के चलते महिला की मौत हो गई। शनिवार को 12 मरीज भर्ती हुए।बताया गया कि रैपुरा थाना क्षेत्र के बगरेही निवासी उर्मिला देवी (48) को पुत्र आशीष ने बुखार व पेट दर्द के चलते शुक्रवार की रात को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उसकी मौत हो गई। परिजन पुलिस को सूचना दिए बगैर शव को अपने घर ले गए। इसके अलावा चकमाली निवासी लीला (50), शोभा सिंह का पुरवा निवासी भैरों प्रसाद (46), कर्वी माफी निवासी चंद्रभूषण (35), कांशीराम कालोनी निवासी गुलशन (34), सदर बाजार निवासी शालिनी (45), भरतपुरी निवासी दया (30), बनाड़ी निवासी सुनीता (32), चोरहट निवासी शिवनायक का दो वर्षीय पुत्र अयान, लोढ़वारा निवासी चुन्नू की पुत्री रिंकी (20), सरैंया निवासी चुनबाद का पुत्र जर्नादन (12), अनीपुर निवासी राजकुमार की दो वर्षीय पुत्री रोशनी, कछारपुरवा निवासी राममिलन का एक वर्षीय पुत्र आर्यन को भर्ती कराया गया है।

# घायल मजदूर ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

चित्रकूट(आरएनएस)। सडक हादसे में घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है।भरतकूप थाना क्षेत्र के रामपुर माफी के डगडई पुरवा निवासी राजेश (30) छोटे भाई अभिषेक (19) के साथ बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के सेमरदहा के खांचा पुरवा ससुराल 12 मई को बाइक से गया था। वहां से वह शाम को छोटे भाई के साथ लौट रहा था। कैमहा पुरवा सरैंया के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे चार पहिया वाहन ने टक्कर मार कर घायल कर दिया था। राहगीरों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां राजेश को चिकित्सक ने रेफर कर दिया था। परिजनों ने उसे बांदा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। शुक्रवार की शाम को हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक पांच भाईयों में चौथे नंबर का था। मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। दो पुत्र है। पत्नी सरोज देवी रो–रोकर बेहाल है।

# डीएम ने पोलिंग पार्टियों के रवानगी की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

चित्रकूट(आरएनएस)। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने शनिवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने को लेकर चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में चित्रकूट एवं मानिकपुर विधानसभा के लिए पोलिंग पार्टियां रवानगी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कार्मिक काउंटर, ट्रांसपोर्ट, पुलिस काउंटर, पार्किंग, मेडिकल कैंप आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिए एवं अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देश दिए कि साफ सफाई एवं पानी का छिड़काव की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कार्मिक काउंटर के संबंध में कहा कि 12 काउंटर कर्वी व 11 काउंटर मानिकपुर के लिए अलग बैरिकेडिंग कराएं। उन्होंने पार्टी रवानगी के साथ पुलिसकर्मियों के काउंटर के संबंध में कहा कि चित्रकूट बाल विद्यालय चित्रकूट के तरफ इनका एक काउंटर बनाया जाए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी से कहा कि प्रत्येक काउंटर का बैनर जिस पर बूथ वाइस भी लिखा रहे बनवाना सुनिश्चित करें तथा जो टेंट लगाया जा रहा है उसमें अच्छी तरह से छाया की व्यवस्था कराई जाए उन्होंने यह भी कहा कि मेडिकल कैंप भी लगवाए एवं ओआरएस भी रखें। अधिशासी अधिकारी कर्वी व अधिशासी अभियंता जल संस्थान से कहा कि पानी का टैंकर, मोबाइल शौचालय की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उप जिलाधिकारी न्यायिक मोहम्मद जसीम से वाहनों की व्यवस्था के संबंध में जानकारी की।

इसके बाद डीएम ने राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर स्थल सीतापुर में स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा का संचालन, बेरीकेडिंग, मतदान सामग्री रिसीविंग टेबल, विद्युत व्यवस्था आदि की जानकारी की। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देश दिए कि रामायण मेला स्थल के पास के ग्राउंड की भी सफाई कराएं। पानी का टैंकर, पार्किंग की व्यवस्था, सुरक्षा के लिए बैरक व्यवस्था का भी जायजा लिया।

# अमित शाह और योगी की जनसभा आज

## भाजपाइयों ने किया जनसभा स्थल का निरीक्षण

प्रयागराज (आरएनएस)। 19 मई को होने वाली यमुना पार ग्राम मेजा में गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गंगा पार सिकंदरा बहरिया एवं यमुना पार कोड़हार घाट करछना की निर्धारित जनसभा की तैयारी को लेकर बैठकों का क्रम जारी है। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया की जनसभा को सफल बनाने के लिए इलाहाबाद लोकसभा एवं फूलपुर लोकसभा की संचालन समिति की बैठक दोनों लोकसभा की केंद्रीय कार्यालय में लगातार की जा रही है और विधानसभा स्तर पर भीड़ जुटाने के लिए कार्यकर्ताओं को 100 बस एवं सैकड़ो फोर व्हीलर की व्यवस्था संगठन के द्वारा की गई। प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा में भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन अग्रवाल, संगठन महामंत्री धर्मपाल, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, इलाहाबाद लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी फूलपुर लोकसभा प्रत्याशी विधायक प्रवीण पटेल, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, प्रदेश राज्य मंत्री अरुण कुमार सक्सेना, सांसद रीता बहुगुणा जोशी, सांसद केसरी देवी पटेल, सांसद छत्तीसगढ़ विजय सिंह बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह, महापौर गणेश केसरवानी, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, पियूष रंजन निषाद, राजमणि कोल, वाचस्पति, गुरु प्रसाद मौर्य, क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी, लोकसभा प्रभारी बालेंदु मणि त्रिपाठी, मनोज जायसवाल, लोकसभा संयोजक शिवदत्त पटेल, जिला अध्यक्ष गंगा पार कविता पटेल, जिला अध्यक्ष यमुना पार विनोद प्रजापति, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा प्रभारी महेश चंद्र श्रीवास्तव विधायक हार्दिक पटेल, विधायक अनिल पराशर, प्रदेश के कई कद्दावर नेता शामिल रहेंगे।

# मानव श्रृंखला से दिया स्वच्छ महाकुम्भ का संदेश

प्रयागराज (आरएनएस)। महाकुंभ 2025 की तैयारी अपने जोरो पर है ऐसे मेंस्वच्छता के लिए नित नए नवाचार के लिए प्रसिद्ध नगर निगम, प्रयागराज द्वारा आयोजित स्वच्छता का महाकुंभ कार्यक्रम के जरिए कटरा स्थित डी. पी. पब्लिक स्कूल, प्रयागराज में 300 छात्र छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छ महाकुम्भ का संदेश दिया।द्वितीय चरण में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रयागराज की आई ई सी टीम श्रष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस के सदस्यों ने विद्यालय में प्रार्थना सभा के दौरान छात्र छात्राओं को टास्क दिया गया था कि अपने घर में पड़ी कबाड़ के जुगाड़ से आपको नए उपयोगी सामानों में बदलना हैघ् जिसपर द्वारिका प्रसाद पब्लिक स्कूल के होनहार छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कबाड़ से जुगाड़ कर उपयोगी समान अपने अतिथियों को दिखाए।मुख्य अतिथि कौशल्या नंद गिरी किन्नर अखाड़ा प्रयागराज और ब्रांड एम्बेसडर नगर निगम प्रयागराज ने एक प्रदर्शनी को देखा और उसे सराहा, इस दौरान वरिष्ठ नगर स्वस्थ अधिकारी महेश जी , जोनल अधिकारी नवीनत शंखवार जी ने छात्र छात्राओं से सवाल जवाब भी किए। इस दौरान प्रधानाचार्य सुरेंदर कौर खालसा, स्कूल समन्वयक प्रियंक तिवारी, स्कूल प्रबंधन मैनेजर उमेश त्रिपाठी जी मौजूद रहे।इस दौरान इस कार्यक्रम का संचालन करते हुए आईईसी प्रमुख कृष्ण कुमार मौर्य ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर बात करते हुए कहा की इस विद्यालय के बच्चें ष्कबाड़ से जुगाड़ष् अपशिष्ट से सर्वश्रेष्ठ बनानारू अपशिष्ट प्रबंधन पर नवाचार कर रहे हैं। यह शहर में हो रहे तेजी से बदलाव की एक झलक है। आगामी महाकुंभ में देश विदेश आए लोगों के लिए प्रयागराज स्वच्छता के लिए ध्यान आर्कषित करेगा। इस दौरान नगर निगम को और से जीएम अजीत शर्मा, सिटी इंचार्ज राहुल नागर, दिलशाद खान, जोनल अशोक पटेल, रोहित चंदेल, वार्ड इंचार्ज मनोज कुमार , विनोद कुमार मौजूद रहे।

# जूते–चप्पल के गोदाम में लगी भीषण आग

प्रयागराज (आरएनएस)। कोतवाली थाना क्षेत्र के बहादुरगंज इलाके में जूते–चप्पल के गोदाम में आग लग जाने से लाखों का माल जलकर नष्ट हो गया। आग से पूरे मुहल्ले में अफरातफरी मची रही। दमकल की कई गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटना के चलते आसपास के लोग भी दहशत में दिखे।

अनिल जायसवाल जूते–चप्पल का कारोबार करते हैं। बहादुरगंज में उन्होंने गोदाम बना रखा है। शनिवार को उनके गोदाम में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ऊंची–ऊंची लपटें उठने लगीं। सूचना पाकर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। कई घंटे तक आग बुझाने का कार्य चलता रहा।

# न्यायिक अधिकारियों ने सीखे तनाव मुक्त रहने के गुर

वर्कशॉप में नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ0 ईशान्या राज द्वारा स्ट्रेस मैनेजमेंट से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई

प्रयागराज (आरएनएस)। जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संतोष राय की अध्यक्षता में शनिवार को स्ट्रेस मैनेजमेंट से संबंधित वर्कशॉप का आयोजन सभागार जनपद न्यायालय प्रयागराज में किया गया। वर्कशॉप में एमपीएम.फिल सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ साइकिएट्री रांची, पीएचडी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ0 ईशान्या राज द्वारा महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। डॉक्टर ईशान्य राज ने बताया कि सभी जुडिशल ऑफिसर को अत्यधिक कार्य होने के कारण दिमाग में तनाव हो जाता है। तनाव के कारण इंसान को बहुत सारी बीमारियों से जूझना पड़ता है। उसको किस प्रकार से कार्य के दौरान तनाव को कम किया जाए। डॉ ईशान्या राज द्वारा मानसिक स्वास्थ्य व शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से बताया गया। वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति मानसिक स्वास्थ्य से ग्रसित है मानसिक स्वास्थ्य के बारे में लोग चर्चा नहीं करते हैं जबकि शारीरिक स्वास्थ्य से ज्यादा महत्वपूर्ण इंसान का मानसिक स्वास्थ्य है वर्तमान समय में सभी लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक होना चाहिए, उपस्थित रहे। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम द्वारा प्रदान की गई।

# अखिलेश व राहुल की सभा आज

प्रयागराज (आरएनएस)। इण्डिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी फूलपूर से अमर नाथ मौर्य व कांग्रेस पार्टी से इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के समर्थन में पड़िला व मुंगारी में रविवार को सभा हेतु अखिलेश यादव व राहुल गांधी का आगमन हो रहा है। आज सपा नेताओं ने सभा स्थल व हैलीपैड के कार्य के साथ धूप से बचाव हेतू टेंट पीने के पानी और मंच और बैठने के लिए कुर्सी व अन्य व्यवस्थाएं देखीं।

# प्रधानमंत्री नहीं दिखा रहे अपना रिपोर्ट कार्ड- सुप्रिया श्रीनेत

प्रयागराज (आरएनएस)। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत प्रयागराज पहुंची। इस दौरान सुप्रिया श्रीनेत ने प्रेस कांफ्रेंस कर प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपना रिपोर्ट कार्ड नहीं दिखा रहे हैं। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि हमारा देश युवाओं के देश है, लेकिन यहां रोजगार पर बात नहीं हो रही है। यहां युवाओं की बात नहीं हो रही है। महंगाई, बेरोजगारी से हर समस्या बढ़ रही है। केंद्र में 30 लाख पद खाली हैं उन्हें कब भरा जाएगा। सेना को ठेके पर चलाने का काम चला है, हम अग्निवीर भर्ती खत्म करेंगे। पेपर लीक पर माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई कब होगी। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि वो नारी न्याय की बात कर रहे हैं। महिलाएं आज असुरक्षित हैं, कांग्रेस की सरकार आती है तो 50: शासकीय नौकरी महिलाओं को दी जाएगी। गरीब महिलाओं को 1 लाख रुपये सालाना दिए जाएंगे। किसान एमएसपी की मांग कर रहे हैं। किसान दिल्ली में आकर अपनी बात रखना चाहते थे, उनके राह में रोड़े अटकाए गए।सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि किसानों की एमएसपी की बात हम कर रहे हैं और उनका कर्जा माफ करेंगे। कृषि को जीएसटी से मुक्त करेंगे। देश में हो रहे सुसाइड में एक चौथाई लोग श्रमिक शामिल हैं, यहां 73: दलित, पिछड़ों की आबादी है, उनका प्रतिनिधित्व नहीं है। हमारी सरकार आई तो उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक और आर्थिक जनगणना जरूरी है। प्राइवेट कंपनियों में पिछड़ों की संख्या कम है। मोदी जी ने गारंटी शब्द चुरा ली है।

# बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार की जरूरत- दिब्यकांत शुक्ल

## संगमनगरी में हुआ यूपी बोर्ड के मेधावियों का सम्मान

प्रयागराज (आरएनएस)। यूपी बोर्ड के 10वीं और 12वीं की परीक्षा में 90: से अधिक अंक पाकर प्रयागराज का नाम रौशन करने वाले 15 छात्र छात्राओं को शहर के महर्षि कृष्ण इंटर कालेज में शनिवार को सम्मानित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने मेधावियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उन्हें सराहा।

सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने कहा कि इन बच्चों में प्रतिभा की कमी नही है। अगर जरूरत है तो इन्हें सही रास्ता दिखाने की। बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार की जरूरत भी है। दिब्यकान्त शुक्ल ने छात्र छात्राओं से वार्ता भी की। उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने और जीवन में मिलने वाली सफलता के कई राज भी साझा किये।उन्होंने कहा यह आज बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार भी होना आवश्यक है। जो आज के बच्चों में कम देखने को मिलती है। वही राज्य शिक्षा चयन बोर्ड बोर्ड के उप सचिव नवल किशोर यूपी बोर्ड की उप सचिव शालिनी यादव, एडीआईओएस धर्मेन्द्र सिंह, विद्यालय के प्रबंधक ब्रह्मप्रकाश सिंह, संयोजक सचिन कुमार यादव ने भी अपने वक्तव्यो को साझा किया।

# प्रत्याशी संग समर्थन मांगने को घूमे महापौर

प्रयागराज (आरएनएस)। महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी के साथ लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने जॉनसन गंज,लोकनाथ चौक में जनसंपर्क किया।आज जॉनसन गंज, लोकनाथ, चौक, जीरो रोड एवं मालवीय नगर, 52वीं लोकसभा इलाहाबाद भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने जनसंपर्क शुरू हुआ। भाजपा मीडिया प्रभारी, गोपाल जी मालवीय राजेश केसरवानी ने बताया 52वीं लोकसभा इलाहाबाद भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी एवं महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी का शहर दक्षिणी विधानसभा में जनसंपर्क कार्यक्रम ज्ञानेश्वर शुक्ला विधानसभा संयोजक के शुरू किया। जनसंपर्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि विकसित भारत के विजन को जनता के बीच जाकर बताया गया। महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने कांग्रेस को डूबती नाव बताया।

जनसंपर्क के दौरान पूर्व पार्षद गिरी बाबा, पार्षदगण सुनीता चोपड़ा, किरण जयसवाल, साहिल अरोरा मुख्य रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजन शुक्ला, राम जी केसरवानी, शैलेंद्र मिश्रा (बाबा) महानगर महामंत्री राजन शुक्ला, एडवोकेट अमित मालवीय, वरिष्ठ भाजपा नेता पदुम जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष गिरिजेश मिश्रा,वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज मिश्रा ने घर–घर जनसंपर्क किया गया।

# कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट क्लब को पूरे अंक

प्रयागराज (आरएनएस)। कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट ने सावित्री देवी क्लब को सात विकेट से हराकर रविकांत अंडर–16 समर क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में आदर्श पाण्डेय की अचूक गेंदबाजी (6–4–08–5) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। केपी कॉलेज मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में सावित्री देवी क्लब की टीम 31 ओवर में 119 रन (कुणाल मिश्र व सौरव यादव 28–28, आदर्श पाण्डेय 5।08, अमन शुक्ला 2/12, आशुतोष भास्कर 2/17) बनाए।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।